RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 19 अंक » 255

टोंक » शनिवार » 20 अप्रैल, 2024

पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

दैनिक
# खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

संपादकीय
खबरों की दुनिया

आयेगा तो मोदी ही, मतदान के प्रति उत्साह नहीं !

## धुआंधार प्रचार के बाद भी मतदाता में जोश नहीं

राजस्थान की 12 सीटों तथा पूरे देश की 102 सीटों पर शुक्रवार को चुनाव सम्पन्न हो गया। प्रतिष्ठा की सीटों या त्रिकोणात्मक सीटों के अलावा मतदाताओं में 2019 वाला जोश नहीं था। मत बूथों पर लम्बी कतारें भी नहीं थी और न मेन गेट पर रखवाली थी। ऐसा लगता था बूथों की सारी व्यवस्था सरकार पर ही छोड़ दी थी। दोनों नगर निगमों में



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

फोटोफ्रेम लगा कर वोटर के लिये वोट डालने के बाद फोटो खिंचवाने का फ्रेम जरूर लगा था। दोनों ही पार्टियों की ओर से बूथों पर काम कर रहे कार्यकर्त्ताओं के लिये नाश्ते पानी की उचित व्यवस्था भी नहीं थी। ग्रामीण इलाकों में जाति विशेष की प्रतिष्ठा की सीटों पर महिलायें नाचते गाते हुए पहुँच रही थी। कुल मिलाकर देखा जाये तो 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदाता ने यही सोच लिया कि आयेगा तो मोदी ही क्यों माथा फोड़ी की जाये।

### स्थानीय समस्याओं को लेकर मतदान का बहिष्कार किया

दौसा, भरतपुर सीकर, बीकानेर, धौलपुर, झुंझुनूं के कई जिलों में ग्रामीण क्षेत्र के पूरे के पूरे गांवों के मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया व राजनेताओं के आश्वासन का इंतजार किया लेकिन कोई भी नेता उन्हें मनाने नहीं पहुँचा। नेताओं को मतदान बढ़ाने की चिन्ता भी नहीं थी। उनकी सोच में मतदान में भाग लेने लेने वालों से उनका कोई सरोकार नहीं है। जयपुर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के भाई ने तो प्रतापसिंह खाचरियावास पर खुला आरोप लगाया है कि प्रतापसिंह खाचरियावास ने दबाव में मतदान धीमी गति से करवाया जा रहा है। नागौर




में भाजपा, आर.एल.डी. के बीच झगड़ा हुआ था। कहने का तात्पर्य यह है कि इस चुनाव में कोई किसी का ध्यान नहीं रख रहा था। सब अपने-अपने नेताओं के इर्दगिर्द घूम-घूम कर फोटो खिंचवाने में व्यस्त थे।

### बड़े नेता सुबह से ही मतदान करने पहुँचे

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के जगतपुरा में सपत्नीक वोट डाला। प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली ने अलवर में वोट डाला। भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों ने सुबह-सुबह अपने-अपने वोट डाल दिये। हवा महल के विधायक बालमुकुन्दाचार्य प्रातः 7 बजे वोट डालने गलत मतदान केन्द्र पहुँच गये। जहाँ वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं था। फिर 10 मिनट बाद सही मतदान केन्द्र पर जाकर वोट डाला। सीकर, जयपुर, नागौर में कई दूल्हा-दुल्हन शादी के तुरन्त बाद वोट डालने पहुँचे। झुंझुनूं में आई.आर.एस. अधिकारी सुशील कुल्हरी 21 किलोमीटर की दौड़ लगाकर मतदान केन्द्र पहुँचे। वे पहले भी हॉफ मैराथन में भाग ले चुके हैं। कुल मिलाकर चुनाव का पहला चरण कहीं रोचक तो कहीं खेदजनक व निराश करने वाला रहा।

### पहले चरण की 102 सीटों पर क्या रहा अनुमान?

भाजपा का प्रचार चार सौ पार पर ही है लेकिन विभिन्न राज्यों की 102 सीटों में से आधी सीटें भाजपा के पाले में जाने का अनुमान है जबकि हमारे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान की पच्चीस के पच्चीस सीटों पर जीतेंगे। कांग्रेस का अब कोई इतिहास नहीं बचा है। वह बीते दिनों की बात हो गयी है। 2019 के चुनावों में 102 सीटों में से भाजपा को 40 सीटें मिलीं थी। अबकी बार पचास सीटें भी उसकी हो जाती है तो फिर भी अभी 543 सीटों में से 102 सीटें कोई मायने नहीं रखती। जून तक कई क्षेत्रों में चुनाव होने बाकी हैं। जैसे-जैसे अपने-अपने राज्य से छुट्टी मिलती जायेगी। नेता अपने-अपने राज्यों को छोड़कर दूसरे राज्यों में अपनी पार्टी के प्रचार में जुट जायेंगे। फिर भी तीसरी पारी काफी रोचक और रोमांच से भरी होगी। वोटिंग प्रतिशत में गिरावट चिन्ता का विषय अवश्य है।

## ईरान के परमाणु ठिकाने वाले शहर इस्फहान पर इजराइल का हमला

एजेन्सी

**नई दिल्ली।** इजराइल ने ईरानी हमले के 6 दिन बाद शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे (भारतीय समयानुसार) जवाबी कार्रवाई की है। मीडिया के मुताबिक इजराइल ने ईरान के परमाणु ठिकाने वाले शहर इस्फहान को निशाना बनाया।

टाइम्स ऑफ इजराइल ने कहा है कि हमला ईरान के एयरबेस पर हुआ है। इसके अलावा इराक और सीरिया में भी एयरस्ट्राइक की गई हैं।

इस्फहान वही प्रांत है, जहां नतान्ज समेत ईरान की कई न्यूक्लियर साइट्स मौजूद हैं। ईरान की फारस न्यूज एजेंसी ने भी धमाकों की आवाज सुनाई देने की जानकारी दी।

हमला ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के 85वें जन्मदिन पर हुआ है।

वहीं, ईरान ने कहा है कि उन्होंने इस्फहान में 3 ड्रोन्स को मार गिराया है।

इससे पहले 13 अप्रैल को ईरान ने इजराइल पर 300 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन्स से हमला किया था। हमले को रोकने में फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका ने इजराइल की मदद की थी। इजराइल ने कहा था कि ईरान के 99प्रतिशत हमलों को रोक दिया गया। ईरान के हमले के बाद इजराइल ने बदला लेने की चेतावनी दी थी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाबी कार्रवाई के लिए वॉर कैबिनेट की 5 बैठकें की थीं।

मोदी ने कहा विपक्ष सनातन विरोधी

# आतंक का सप्लायर पड़ोसी देश दाने दाने को तरस रहा : मोदी

खबरों की दुनिया

**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो देश 'आतंक' निर्यात करता था, वह अब 'आटा' के लिए संघर्ष कर रहा है। पीएम मोदी ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के दमोह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दुनिया में कई ऐसे देश हैं जिनकी हालत बेहद खराब हो गई है। कई लोग दिवालिया हो रहे हैं। यहां तक क हमारा एक पड़ोसी, जो आतंकवाद का आपूर्तिकर्ता था, अब आटा की आपूर्ति के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, जो विदेशों से हथियार खरीदता था, अब दूसरे देशों को उच्च तकनीक वाले हथियार निर्यात कर रहा है। मोदी ने सभा में कांग्रेस और इंडी अलायंस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग सनातन को डेंगू-मलेरिया कहते हैं। भगवान राम की पूजा को पाखंड बताते हैं।



**इंडी गठबंधन वाले हमारे सनातन को डेंगू-मलेरिया कहते हैं**

मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुये कहा कि ओरछा में हमारे भगवान राम राजा के रूप में विराजित हैं। बुंदेलखंड की धरती देख रही कैसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कहते हैं, हमारा सनातन डेंगू-मलेरिया है। अध्योध्या में राम मंदिर बना है, उसके भी ये विरोधी हैं। राम की पूजा को पाखंड बताते हैं। ये सब वोट की राजनीति के लिए करते हैं।

### परिवारवादी-भ्रष्टाचारियों को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही

पीएम मोदी ने कहा- परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है। वे कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो देश में आग लग जाएगी। इंडी गठबंधन के लोग मोदी को आए दिन धमकियां दे रहे हैं। लेकिन मोदी इन धमकियों से न पहले डरा है, न कभी डर सकता है।

### भारत में युद्ध स्तर पर काम करने वाली सरकार जरूरी

पीएम मोदी ने कहा- जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो। घटनाएं घट रही हो। तो भारत में युद्ध स्तर पर काम करने वाली सरकार बहुत जरूरी है। ये काम पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार ही कर सकती है। स्थिर सरकार कैसे देश और देशवासियों के हित में काम करती है, ये हमने बीते वर्षों में देखा है।

### भाजपा सरकार न दबती है, न किसी के सामने झुकती है

कोविड का इतना बड़ा संकट आया। मजबूत भाजपा सरकार पूरी दुनिया से हर भारतीय को सुरक्षित भारत ले आई। करोड़ों परिवारों को मुफ्त राशन की सुविधा दी। भाजपा सरकार ने करोड़ों भारतीयों को मुफ्त वैक्सीन लगाई। आज देश में वो भाजपा सरकार है जो न किसी से दबती है, न किसी के सामने झुकती है।

### 2014 से पहले ये धारणा बन गयी थी कि देश में कुछ अच्छा हो ही नहीं सकता : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के वर्धा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 से पहले ये धारणा बन गयी थी कि देश में कुछ अच्छा हो ही नहीं सकता। लेकिन, जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको गरीब के इस बेटे ने पूजा है। 10 वर्षों में हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। आपके आशीर्वाद भी बढ़ रहे हैं, आपका प्यार भी बढ़ रहा है।

इसलिए आज पूरा महाराष्ट्र कह रहा है - फिर एक बार मोदी सरकार। वर्धा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में आपकी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि विकसित महाराष्ट्र और विकसित भारत का लक्ष्य अब ज्यादा दूर नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि 2024 का ये चुनाव, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने का चुनाव है। ये सपना आजादी से भी पहले बापू ने देखा था। इसलिए, आज जब देश इस दिशा में निर्णायक कदम उठाने जा रहा है, तो इसमें वर्धा का विशेष आशीर्वाद चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्धा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की सोच देश विरोधी और किसान विरोधी रही है इसलिए देश में दशकों तक किसानों की हालत खराब रही। परिवार के नाम पर पत्थर तो लग जाता था लेकिन कई पीढ़ियां गुजर जाती थी पर काम नहीं पूरा होता था।

राजस्थान मे हुआ लगभग 57 फीसदी मतदान

## छुटपूट घटनाओं को छोड़कर शान्तिपूर्ण रहा मतदान



खबरों की दुनिया

जयपुर। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को राजस्थान की 12 सीटों पर मतदान हुआ। शाम 6 बजे तक लगभग 57 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ। कही जगह छुटपुट घटनाओं को छोड़ कर मतदान शान्तिपूर्ण रहा। इसी प्रकार पहली बार मतदान करने वाले युवाओ को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

वहीं नागौर के कुचेरा में भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा और इंडिया गठबंधन (आरएलपी) के प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल के समर्थक भिड़ गए।

कुचेरा नगर पालिका के अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा के सिर में चोट लगी। चूरू में सादुलपुर के गांव रामपुर रेणु गांव में फर्जी मतदान की शिकायत पर दो लोगों ने पोलिंग एजेंट का सिर फोड़ दिया। झुंझुनूं में भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी की सुरक्षाकर्मी से बहस हो गई। वहीं चूरू में विधायक हरलाल सहारण की पुलिसकर्मी से कहासुनी हो गई।

उन्होंने पुलिसकर्मी को बाड़मेर ट्रांसफर कराने की धमकी तक दे डाली।

इससे पहले वोट डालने के लिए लोगों में अच्छा-खासा उत्साह देखने को मिला था। जयपुर के हवामहल से विधायक बालमुकुंद आचार्य सुबह 7 बजे ही वोट डालने पोलिंग बूथ पर पहुंच गए थे, 10 मिनट तक लाइन में लगने के बाद उन्हें पता चला कि वे गलत बूथ पर आ गए। इसके बाद उन्होंने दूसरे बूथ पर जाकर वोट डाला।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के जगतपुरा में वोट डाला था, वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर में मतदान किया। भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों ने भी सुबह ही अपने-अपने वोट डाल दिए।

## देशभर में हुआ लगभग 67 प्रतिशत से ज्यादा मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को समाप्त हो गया। पहले चरण के मतदान में, देश भर के 21 राज्य और 102 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले गए। शुक्रवार शाम 6 बजे तक 67 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें सबसे ज्यादा त्रिपुरा में 80 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में लगभग 77.57 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद पुडुचेरी में 72.84 प्रतिशत मतदान हुआ। बिहार में सबसे कम 46.32प्रतिशत मतदान हुआ। कुछ अन्य राज्यों की बात करें तो इसमें अरुणाचल प्रदेश में 64.7प्रतिशत, जम्मू कश्मीर में 65.28प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 63.41प्रतिशत, महाराष्ट्र में 54.85 प्रतिशत, मतदान हुआ है।

## इस बार जनता परिवर्तन चाहती हैं : सचिन पायलट

कहा- बीजेपी ने 10 साल में क्या किया, क्या नहीं किया; उसका लेखा जोखा देने को तैयार नहीं



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** कांग्रेस महासचिव और विधायक सचिन पायलट शुक्रवार को सी-स्कीम, जयपुर में मतदान किया। इस दौरान मतदान के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए सचिन पायलट बोले कि पहले चरण का मतदान पूरे देश में हो रहा है। मैं उम्मीद करता हूं कि लोग बढ़-चढ़कर लोग मतदान में हिस्सा लेंगे। खासकर जो फर्स्ट टाइम वोटर है उन्हें लोकतंत्र के उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। यह एक जिम्मेदार नागरिक का हक व अधिकार बनता है।

मुझे लगता है कि वे अपनी पसंद से अच्छे व्यक्ति को, अच्छी पार्टी को और अच्छी विचारधारा के साथी को चुनकर भेजेंगे। पायलट ने कहा कि इस बार चुनाव हमारी पार्टी बेहतर तरीके से लड़ रही है। हमारे कैंडिडेट्स, हमारे मेनिफेस्टो, हमारे एजेंडे और हमारे नरेटिव को लोग पसंद कर रहे है।

इस बार यह बदलाव का चुनाव है। पायलट ने राजस्थान में कांग्रेस पार्टी को बीजेपी से ज्यादा सीटें जीतने का दावां किया। उन्होंने कहा कि मैं देश के कई राज्यों में प्रचार करके आया हूं। देश के अधिकांश जगहों पर लोग इस बात से ऊब चुके है कि वही सरकार 10 साल से है। लोग बीजेपी की 10 साल की सरकार का गंभीरता से रिपोर्ट कार्ड का मूल्यांकन करेंगे और मूद्दों के हिसाब से वोट देने का मन बनाएंगे।

पायलट ने कहा कि मेरा ऐसा मानना है कि हमारी पार्टी को-गठबंधन को बहुमत मिलेगा, क्योंकि जनता बदलाव चाहती है।

बीजेपी के 400 पार के दावों पर पायलट ने कहा कि यह नारे और जो दावें बीजेपी की ओर से किए जा रहे है उन में कोई दम नहीं है, क्योंकि बीजेपी कॉन्फिडेंस होती तो विपक्ष के नेताओं को तोड़-तोड़ कर पार्टी में शामिल नहीं करती। जनता भी समझ गई है कि बार वो ही वादें, वो ही नारें और वो ही जुमले है।

## राजस्थान में लगेगी बीजेपी की हैट्रिक, 25 -25 की सीटे जीतेगी बीजेपी : भजनलाल शर्मा

खबरों की दुनिया

. जयपुर। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान शुक्रवार को संपन्न हो गया है। राजस्थान में 12 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हुई। यहां कांग्रेस और बीजेपी के कई दिग्गजों अपने मत का इस्तेमाल किया। इस दौरान इन नेताओं ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया। राजस्थान में शुक्रवार को भजनलाल शर्मा, दिया कुमारी, सतीश पूनिया, राजेंद्र राठौड़, ज्योति मिर्धा, प्रताप सिंह खाचरियावास, गोविंद सिंह डोटासरा, बाबा बालकनाथ, गोपाल शर्मा, अमीन कागजी, रफीक खान अर्जुन राम मेघवाल, गोविंद मेघवाल ने वोट डाला। मतदान के बाद भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने जीत को लेकर अपना अपना दावा पेश किया।



**सभी सीटें जीतेगी बीजेपी-सीएम भजनलाल**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को जयपुर में अपना वोट डाला। वहीं सीएम भजनलाल ने कहा कि कांग्रेस एक डूबता जहाज और ऐसे डूबते जहाज में कोई सवारी नहीं करना चाहता है। मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि इस बार बीजेपी राजस्थान की सभी 25 सीटें जीतकर जीत की हैट्रिक लगाएगी।

**बड़े अंतर से जीतेगी बीजेपी-अर्जुन मेघवाल**

वहीं केंद्रीय मंत्री और बीकानेर से बीजेपी के प्रत्याशी अर्जुन राम मेघवाल ने भी बीजेपी की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा जिस तरह हमने चुनाव प्रचार के दौरान जनसंपर्क किया, लोगों से मिले उसके आधार पर मैं दावा करता हूं कि बीजेपी बीकानेर में बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी।

**बीजेपी के खिलाफ माहौल: खाचरियावास**

वहीं जयपुर से कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास दावा किया कि केंद्र सरकार और बीजेपी के खिलाफ देशभर में माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि भजनलाल सरकार ने राजस्थान में कुछ काम नहीं किया है।

पाली में गरजे अमित शाह, राहुल गांधी पर साधा निशाना

## हम भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा अर्थतंत्र बना देंगे, ये मोदी की गारंटी है: शाह

खबरों की दुनिया

**पाली।** शुक्रवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान के पाली में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए दावा किया कि एनडीए एक बार फिर से 400 पार करने जा रहा है।

शाह ने भाषण के शुरूआत में कहा कि एयरपोर्ट पर मुझे बताया कि गर्मी का ग्राफ बहुत ऊपर जा रहा है। मैंने एयरपोर्ट ऑफिसर को बताया कि गर्मी का ग्राफ जितना ऊपर जाएगा, भाजपा का ग्राफ भी उतना ही ऊपर जाएगा।

शाह ने कहा कि पहले चरण के मतदान में देशभर में बंपर वोटिंग हो रही है और जो जा रहा है, वो मोदी-

मोदी के नारे लगाते हुए बाहर आ रहा है। अमित शाह ने कहा कि




देश की जनता ने तय किया है कि इस बार कोई गलती नहीं करनी है। किंतु-परंतु नहीं, 'अबकी बार 400 पार'। उन्होंने

कहा कि देश की जनता ने 300 पार करवाया... हमने- जम्मू-कश्मीर से धारा-370 समाप्त कर दिया। भारत के अर्थतंत्र को पांचवें नंबर का अर्थतंत्र बनाया। वन रैंक-वन पेंशन लागू किया। तीन तलाक को समाप्त कर दिया। राज्य की विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं का 33त्न आरक्षण मिला। सीएए लागू किया। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बना।

भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक रामलला को टेंट में बैठाकर रखा। राम मंदिर के फैसले को लटका कर रखा।

मोदी जी दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। राम मंदिर का फैसला आया, भूमि पूजन हुआ और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई।

500 साल बाद हमारे रामलला ने अपना जन्मदिन भव्य मंदिर में मनाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पिछड़े समाज को आरक्षण देने वाली काका कालेलकर की रिपोर्ट और मंडल कमीशन की रिपोर्ट का विरोध किया।

पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर मोदी जी ने पिछड़े समाज के सभी भाइयों-बहनों को सम्मान दिया है

शाह ने साफ तौरा पर कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाइए, हम भारत के अर्थतंत्र को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा अर्थतंत्र बना देंगे।

ये मोदी की गारंटी है। अमित शाह ने लोकसभा चुनाव में लोगों से सोच समझकर वोट देने की अपील करते हुए शुक्रवार को कहा कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जिन्होंने पिछले 23 साल में बिना छुट्टी लिए देश की सेवा की है वहीं दूसरी ओर हर तीन महीने में विदेश में छुट्टी पर जाने वाले राहुल बाबा हैं। शाह ने लोगों से कहा, ''पाली कपड़ा उद्योग के लिए बड़ा मशहूर है..।

आप बाजार में कपड़ा लेने जाते हैं, चाहे पगड़ी या धोती हो, आप कपड़े को ढंग से देखते हैं न? ... अब जब पूरे देश का प्रधानमंत्री बनाना है, तब प्रत्याशी को ढंग से वोट देख कर वोट डालिए।

दो लोग हैं, एक और 23 साल से छुट्टी लिये बगैर भारत माता की सेवा करने वाला नरेन्द्र मोदी हैं ...और दूसरी ओर हर तीन महीने में ... थाईलैंड... विदेश में छुट्टी मनाने वाले राहुल बाबा हैं।''

### शाह ने गांधी नगर से नामांकन भरा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर में भाजपा प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पर्चा दाखिल किया। यहां 7 मई को वोटिंग होनी है। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि गांधीनगर की जनता का मुझे हमेशा से सहयोग मिला है। क्षेत्र में विकास के सभी काम हुए हैं। इस बार का चुनाव बेहद अहम है। मोदी तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं।

**गर्व की बात कि यहां से मोदी जी हैं मतदाता**

गांधीनगर सीट से अपना नॉमिनेशन भरा है। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि जिस सीट से लालकृष्ण आडवानी, अटलजी ने प्रतिनिधित्व किया है और खुद नरेंद्र मोदी जी यहां से मतदाता हैं।

खबरों की दुनिया
**एक नजर**

## कामदा एकादशी के दिन गो सेवा कार्य



**खबरों की दुनिया**

**सीकर।** श्रीकरणी गोपाल गोधाम पालवास मे आज कामदा एकादशी के पावन अवसर पर श्रीकरणी गोपाल गौशाला पालवास के महंत चंद्रमा दास महाराज के सानिध्य में गौ माता की सेवा कार्य किया। गो सेविका ज्योति तनवानी ने बताया की एकादशी के दिन गोपीनाथ को सेवा समिति के द्वारा गौशाला में हरे चारे की व्यवस्था की गई, जिसमे मातृशक्ति गो सेवा मण्डली ने सहयोग किया। इसी सेवा मे अमरचंद महाराज विनोद शर्मा आनंद दास महाराज सध्या अवस्थी पायल कुमावत सुमित्रा शर्मा उषा छिपा निकिता स्वामी शलेश जैन एवं गौशाला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गयात्री सेवा समिति बेटियों की शादी में कर रही है सहयोग



**खबरों की दुनिया**

**खाटूश्यामजी।** गायत्री सेवा समिति नायरण बनकर काम कर रही करनी पुरा मे एक ओर बेटी की की शादी कर रही बेटियों को निडर बनाकर ओर काम कर रही सिखा रही है। अध्यक्ष गायत्री जांगिड़ ने बताया की कविता जाटोलिया की शादी में आर्थिक सहयोग किया चपल की जोड़ी पायल बिछिया 51 साड़ी देकर बेटी का सहयोग किया। कोषाध्यक्ष मनीष वर्मा, सचिव सुमन भी शामिल रहे। समिति बेटियों का सहयोग किया जा रहा हैं। रेखा मीना ओर तुलसी, हंसा ओला, आशी शर्मा भी शामिल रहे। 'कम नहीं ये किसी से साबित कर दिखलाएंगी खोल दो बन्धन बेटियां हर मंजिल पा जाएंगी'।

## भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने किया मतदाताओं का आभार



**खबरों की दुनिया**

**सीकर।** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने शांति पूर्ण मतदान होने पर मतदाताओं, भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। चुनाव संपन्न होने के बाद वह रामलीला मैदान स्थित अपने प्रधान चुनाव सीकर कार्यालय आए और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को लेकर क्षेत्र की जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी टिकट तय होते ही भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने तन मन से अपना पूरा समय पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए दिया। चुनाव में उन्होंने तैयारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी इसके लिए वे पुनः सभी का आभार व्यक्त करते हैं।

## उधोगपति एवं भामाशाह समाजसेवी आदित्य शाह ने किया शाकंभरी माता, जीणमाता माता दर्शन एवं कन्या पूजन



**खबरों की दुनिया**

**सीकर।** देश के जाने-माने उद्योगपति एवं भामाशाह आदित्य शाह नवलगढ़ निवासी ने अपने पुत्र दिव्यम शाह मुंडन संस्कार करने के लिए शाकंभरी माता,जीणमाता मंदिर पहुंचे। देवी दत्त मोरारका नवलगढ़ ने बताया कि पवन पुजारी ने प्रवेश द्वार पर आदित्य शाह मधुसूदन मुरारका परिवार सदस्य का माल्यार्पण भव्य स्वागत किया। पवन पुजारी ने उद्योगपति आदित्य शाह को माता पूजा अर्चना करवाई। शाह ने माता के दरबार पर शीश नवाया। और माता से देश में खुशहाली, जरूरतमंद, असहाय लोगों की सेवा करने का माता मुझे शक्ति प्रदान करें। दिव्यम शाह मुंडन संस्कार के उपलक्ष में शाह परिवार द्वारा माता के 9 देवों कन्या पूजन किया। सभी कन्याओं को भोजन कराकर। शाकंभरी माता मंदिर में पंडित को प्रसाद वस्त्र एवं दक्षिण प्रदान की। इस अवसर अनेक शाह परिवार एवं मोरारका परिवार पुजारी परिवार उपस्थित रहे।

# सीकर लोकसभा चुनावः मतदाताओ में विधानसभा के मुकाबले से कम उत्साह





### शादिया, लावणी व गर्मी बने कारण

**सच्चानंद थधानी**

**सीकर(खबरों की दुनिया)।** देश की नई लोकसभा के लिए हुए प्रथम चरण की वोटिंग मे राजस्थान में 12 सीटों पर मतदान हुआ। शेखावाटी क्षेत्र में भी यह चुनाव प्रथम चरण में थें तो ऐसे में हम गौर करे सीकर लोकसभा क्षेत्र की तो इस बार मतदाताओं मे वो उत्साह देखने को नही मिला जो बीते साल हुए विधानसभा चुनावो मे देखने को मिला।


उस समय अल सुबह से मतदाताओं की लम्बी लम्बी लाईनो में सीकर जिले के आठ विधायक चुने थे। पर इस बार शुक्रवार को जो वोटिंग हुई सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक उसमे दोपहर 1 बजे तक तो यह आंकड़ा केवल 35 प्रतिशत तक ही पहुंचा चाहे किसी भी विधानसभा को ले। कमावेश सबकी यही स्थिती रही। वही शाम होते होते अगर यह प्रतिशत देखे तो 55 प्रतिशत से 58 प्रतिशत तक वोटिंग हुई जो इतने प्रचार प्रसार के बावजूद कम थी। सीकर लोकसभा क्षेत्र में 22 लाख 32 हजार 334 मतदाता है। इनमें सीकर शहर में सबसे अधिक मतदाता है। आठों विधानसभा से सीकर शहर विधानसभा की संख्या 2 लाख 96 हजार के करीब है तो आकड़ा देखे तो इस बार जो लोगो मे उत्साह था वो ना बराबर था। इनकी तीन मुख्य वजह रही शादियां का सीजन, खेतो में चल रही लावणी व तीसरा गर्मी का मौसम, इस वजह से यह आकड़ा काफी कमजोर रहा।

### नव-मतदाताओ में दिखा उत्साह

सीकर लोकसभा चुनाव के लिए ठीक 6 बजे बूथों का गेट बंद कर दिया गया। दोपहर के समय बूथो पर सन्नाटा पसरा हुआ रहा। सुबह मतदान की स्पीड तेज रही। मतदान के लिए मतदाताओं मे उत्साह देखने को मिला। ग्रुपो में महिलाएं वोट डालने आई तो कोई परिवार सहित पहुंचा। वही नव-विवाहित जोड़े भी पहुंचे। सीकर का युवक मतदान के लिए स्पेशल कनाडा से आया।

जिस प्रकार जिला निर्वाचन विभाग हो या अन्य संस्थाए उन्होने जो मतदाताओं मे जागरूकता चलाने व उनको वोट देने के प्रेरित करने का मामला था उसमे कोई कसर नही छोड़ी। पर न जाने क्या इस बार वोटर अपने अपने स्थानो से बाहर निकलकर मतदान करने वाले स्थान तक क्यो नही पहुंचे। वही जो नियम कायदे कानून है वो दिनो दिन चेन्ज होते जा रहे है तो ऐसे में जनता भी उस हिसाब से चल रही है।

सीनियर सीटिजन व दिव्यागों के लिये भी इस बार व्यवस्था उतनी नही थी। बहुत से स्थानो पर उनके परिजन उनको लेकर आ रहे थे वही। कुछ स्थानो पर आमजन में पानी को लेकर वह अन्य मुद्दों को लेकर नाराजगी रही। और उन्होंने मतदान नहीं किया।






जहां तक चुनावो में देखे जनता का रूख तो वह बड़ा ही साइलेंट था तो यह जाहिर न होने दे रही थी कि किसको वोट देगें और साथ ही जो धीमी गति से मतदान हुआ उसमें किसी भी प्रकार की कोई ऐसी बात नजर नही आई कि वोटरो ने गरमा गरमी का माहौल है। सब जगह शान्तिपूर्ण मतदान की सूचनाओं रही हॉ कुछ स्थानो पर इवीएम हेंग होने की सूचना तो थी पर समय रहते उनको सही कर लिया गया।

जहां तक सुरक्षा की बात करे तो सुरक्षा के बेहद ही कड़े इंतजाम थे। संवेदनशील बूथो पर ज्यादा फोर्स लगाई गई पर आल ओवर देखे तो सुरक्षा कर्मियो को इस चुनावो मे ज्यादा माथा पच्ची नही करनी पड़ी

### अपनी-अपनी जीत के प्रति आशस्वत

इस बार लोसभा चुनावो में मुख्य रूप से दो बड़े प्रत्याशी ही आमने सामने थे। इसमें भाजपा की तरफ से वर्तमान सांसद सुमेधानंद सरस्वती तो इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर पूर्व विधायक कॉमरेड अमराराम थे। कांग्रेस ने सीकर सीट समझोते के तहत माकपा के लिए छोड़ी। ऐसे में कांग्रेस का वोट भी इस बार माकपा के खाते मे गया तो ऐसे मे लाल झंडे वाली पार्टी के नेता व कार्यकर्ता पूरी तरह अपनी जीत के प्रति आश्स्वत थे व यह मानकर चल रहे थे कि जो कांग्रेस से गठबंधन हुआ उसका लाभ मिलेगा।

वही भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती व पार्टी के नेता के साथ कार्यकर्ता शाम 6 बजे के बाद अपनी जीत के प्रति आशावान थे। पर इन चुनावो में कोन बाजी मारता है यह तो आने वाल 4 जून का वक्त निधार्रित करेगा। पर फिलहाल तो दोनो दलो के नेताओ ने अपनी अपनी मूछों पर ताव लगाना शुरू कर दिया है।

इस बार सूत्रो की माने तो दोनो ही दलो मे गुटबाजी चरम पर रही। कांग्रेस बड़े पैमाने पर कार्यकर्ता व कुछ नेता समझोते से नाराज थे तो भाजपा के बड़े पैमाने पर कार्यकर्ता व कुछ पदाधिकारी फिर टिकट स्वामीजी को दिये जाने से गुस्से में थे। हालाकि उन्होने यह बात जग जाहिर नही की लेकिन उनके हाव भाव से यह साफ झलक रहा था कि वो टिकट से खुश नही है। ऐसे में गड्डे दोनो तरफ से थे पर वो किसके लिये ज्यादा थे वो तो चुनाव परिणामों के दिन पता चलेगा। बता दे कि सीकर मे भाजपा ने तीसरी बार सुमेधानंद सरस्वती को टिकट दिया है जबकि इंडिया गठबंधन से सीपीआईएम के उम्मीदवार कॉमरेड अमराराम मैदान मे है। दोनो के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है।

## भक्तिभाव से मनाया भगवान सुमतिनाथ का मोक्ष कल्याणक

**खबरों की दुनिया**

**सीकर।** निकटवर्ती ग्राम रैवासा स्थित श्रीदिगंबर जैन भव्योंदय अतिशय क्षेत्र में शुक्रवार को चैत्र सुदी ग्यारस के दिन जैन धर्म के पंचम तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ का जन्म, केवल ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक भक्तिभाव से मनाया गया। समाज के विवेक पाटोदी ने बताया कि प्रातःकालीन अभिषेक व शांतिधारा पश्चात कार्यक्रम का प्रारंभ ध्वजारोहण से हुआ। इसके पश्चात असीमकालीन सुमतिनाथ भक्तामर विधान आयोजित किया गया। प्रबंध समिति ने बताया कि श्रीजी के प्रथम अभिषेक का सौभाग्य जयकुमार देवेन्द्र कुमार साहिल कुमार छाबड़ा बानूड़ा वाले परिवार को प्राप्त हुआ।

झंडारोहण व विधान का पुण्यार्जन अशोक कुमार प्रवीण कुमार विकास कुमार झांझरी परिवार सीकर को प्राप्त हुआ। मोक्ष कल्याणक के अवसर पर भगवान सुमतिनाथ को भक्तिभाव से निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। विधान के समापन पश्चात महाआरती हुई। प्रबंध समिति के महामंत्री सुनील बड़जात्या व निर्माण मंत्री पंकज दुधवा ने बताया कि श्रीजी को छत्र चढ़ाने का सौभाग्य शकुंतला देवी नवरंगलाल, पिंकी गौरव बड़जात्या परिवार सूरत फतेहपुर वाले व चंवर धुराने का सौभाग्य महावीर प्रसाद पदम कुमार विजय कुमार टोंग्या परिवार को प्राप्त हुआ। समाज के विवेक पाटोदी ने बताया कि यहाँ का मुख्य मंदिर अपनी निर्माण की रौचकता के साथ खुद में कई चमत्कारिक रहस्य छुपाए हुए है। यहां भगवान सुमतिनाथ की भूगर्भ से निकली मूर्ति अतिशयकारी है, तो मंदिर के आधार स्तंभों की गिनती सही नहीं होना भी अचरज का विषय है। मंदिर में हर साल हजारों श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचते हैं।



### आकाश व भूगर्भ से निकली मूर्ति, चुराने पर भी लौटी

मंदिर में मूर्तियों से जुड़े कई चमत्कार माने जाते हैं। मान्यता है कि मंदिर में स्थापित मूलनायक भगवान आदिनाथ की मूर्ति आकाश से उतरी थी। जबकि भगवान सुमतिनाथ की अतिशयकारी यानी चमत्कारी मूर्ति भूगर्भ से निकली थी। जिसे ही मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया। अतिशय क्षेत्र प्रबंध समिति अध्यक्ष महावीर ठोलिया ने बताया कि मंदिर से भगवान शांतिनाथ की दो मूर्ति एक बार चोरी होने के बाद वापस लौटी है। जो एक मुंबई ओर दूसरी नीमकाथाना से बरामद हुई। इसे भी एक बड़ा चमत्कार माना जाता है।

### दक्षिण भारत शैली का मंदिर, अंदर शीश महल

मंदिर का निर्माण स्थानीय सेठ नथमल छाबड़ा ने करवाया था। जो पूरा दक्षिण भारत शैली में बना है। आकर्षक कलाकृतियों वाले मंदिर में गर्भ ग्रह शीश महल के रूप में विकसित है। प्राकृत भाषा में लिखे शिलालेख में मंदिर का इतिहास भी लिखा है। पास ही नशियां जी है। जहां भगवान चंद्रप्रभु भगवान की प्रतिमा मूलनायक मंदिर में विराजित हैं।

### गिनती में नहीं आते 108 खंभे

जैन मंदिर की बनावट अद्भुद है। जो 108 खंभों पर टिकी बताई जाती है। लेकिन, गिनती में वह कभी सटीक नहीं बैठती। इनकी गिनती 109 व 111 मिली। जैन मुनि सुधा सागर ने भी हर एक खंभे पर नारियल रखकर उन्हें गिनने की कोशिश की, तो भी आंकड़ा 108 नहीं बैठा।

### मंदिर में चल रही है निर्माण को कई योजनाएं

प्रबंध समिति ने बताया कि पूज्य गुरुदेव मुनि सुधासागर के आशीर्वाद से क्षेत्र में कई निर्माण कार्य समाज के सहयोग से चल रहे है।

## सीकर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों का भाग्य ई वी एम में बंद, मतदान प्रतिशत पूर्व चुनाव से भी रहा कम



### - शादी विवाह और एकादशी से लोगों में उत्साह रहा कम

**खबरों की दुनिया**

**खाटूश्यामजी।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए देश के राजस्थान प्रदेश तथा शेखावाटी क्षेत्र के सीकर हेतु मतदान प्रथम चरण 19 अप्रैल शुक्रवार को हुआ, लेकिन मतदाताओं की बहुत मान मनवार के बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ना तो दूर पिछले लोकसभा चुनाव 2019 की बराबर भी नहीं कर पाया। दांतारामगढ़ स्वीप कॉर्डिनेटर एवम स्वीप वार रूम प्रभारी राजेंद्र सरोज से मिली जानकारी के अनुसार मतदाता सुव्यवस्थित शिक्षा एवम निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम शानदार ढंग से चलाने के बाद भी मतदान प्रतिशत निर्वाचन विभाग के लक्ष्य को नहीं छू पाया। उल्लेखनीय है कि धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में भी शुक्ल पक्ष एकादशी होने की वजह से नगरपालिका क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 62.44 ही रह सका जो पूर्व मतदान से कम हैं। दांता रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के खाटूश्यामजी में कुल दस बूथ है जिनमे 149 में 815, बूथ 150 में 478, 150 में 371, 151 में 836, 152 में 797, 153 में 824 साथ ही 154 में 586, यूनिक बूथ 155 में 526, 156 हनुमानपुरा में 698 तथा 157 सीतारामपुरा में 663 कुल 6594 मत मतदाताओं द्वारा डाले गए जबकि सम्पूर्ण वोटर्स 10560 क्षेत्र में हैं।

निर्वाचन ने नवाचार दौरान नवमतदाताओं के उत्साहवर्धन हेतु प्रमाण पत्र देना, यूनिक बूथ, यूथ बूथ, महिला बूथ और दियांग बूथों की स्थापना करना शामिल है। खाटू में काफी युवाओंने सेल्फी खिंचाई, दिव्यांगजनों ने भी उत्साह के साथ लोकतंत्र के पर्व का स्वागत किया, दोपहर बाद महिलाओं भीड़ नजर आई, सभी बूथों के बी एल ओ, हेला टोली टीम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि सजगता के साथ मौजूद रहे जिनमें मनोज शर्मा, प्रदीप शर्मा, विष्णु शर्मा, घनश्याम मुंडोतिया, बनवारी लाल, हंसराज तंवर, अशोक चौधरी, प्रेम समोता और बृजमोहन, मुकेश शर्मा सहित संतोष शर्मा, अनीता शर्मा, कमला शर्मा, गायत्री शर्मा और काफी स्काउट्स ने अपनी सेवाएं दी। मतदान पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। श्रीश्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान मंत्री श्याम सिंह चौहान नगर पालिका अध्यक्ष ममता देवी व होटल सवामणी के प्रबंधक अंकित अग्रवाल ने भी किया मतदान।

## मतदान करने कोलकाता से आयें काबरा ब्रदर्स

**खबरों की दुनिया**

**लक्ष्मनगढ़।** लोकतंत्र की मजबूती के लिए कोलकाता से लक्ष्मनगढ आकर काबरा ब्रदर्स ने मतदान किया। युवा व्यवसाई योगेश व अंकित कोलकाता से लक्ष्मनगढ पहुंचे तथा माहेश्वरी भवन स्थित मतदान केंद्र जाकर वोट डाला तथा लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि वार्ड पार्षद के चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक सभी चुनाव में अपना मतदान करने कोलकाता से लक्ष्मनगढ आते हैं।

## बालाजी धाम में लोकसभा चुनाव में शांति पूर्ण हुआ मतदान



**खबरों की दुनिया**

**सालासर।** दामोदर लाल सरावगी राजकीय विद्यालय में दो बूथ और संस्कृत कॉलेज में भी दो बूथ पर शांति पूर्ण मतदान हुए। ग्राम गुड़ावाड़ी, शोभासर, मुरड़किया, भीमसर, नोरंगसार, खारिया छोटा, खारिया बड़ा,परवतीसर, बाघसरा पूर्वी, खारिया कनीराम सहित अनेक गांवों में शांति पूर्ण मतदान हुए। गांव कोलासर में बूथ पर एक दूल्हे ने अपना वोट डाला। दोपहर में तेज धूप होने के कारण एक बार वोटो की रफ्तार धीमी रही लेकिन शाम को फिर लोगों ने मतदान किया। राजियासर में 91 वर्षिय कमल कंवर व्हील चेयर पर पहुंचकर वोट डाला इस दौरान ग्रामीणों ने फूलो से स्वागत किया। गायत्री शर्मा ने अपने पहले मत का प्रयोग किया। गायत्री ने बताया कि देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए वोट सभी को डालने चाहिए।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## घर में सो रहे बुजुर्गो की बदमाशों ने तोड़ी सोने की मुर्कियां व बाली

खबरों की दुनिया

**टोंक।** जिले के मेहंदवास थाना क्षेत्र के हमीरपुर गांव में घर में सो रहे एक बुजुर्ग की बीती रात बदमाश सोने की मुर्किया तोड़कर भाग गए। हालांकि वारदात के बाद भाग रहे बदमाशों को देख ग्रामीणों ने उन्हें पहचान लिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने दो जनों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। हमीरपुर सरपंच प्रतिनिधि गोवर्धन लाल जाट ने बताया कि देर रात करीब 1:45 बजे सत्यनारायण गुर्जर एंव पत्नी बरदी देवी सहोदरा बांध के रास्ते पर स्थित उनके मकान के पीछे बने बाड़े में सो रहे थे। उसी दौरान सत्यनारायण गुर्जर के दोनों कानों की सोने की मुर्किया अज्ञात बदमाश झटके से तोड़ ले गए, पति के चिल्लाने पर पत्नी भी जाग गई और चिल्लाने लगी तो बदमाश पत्नी की आंखों में मोबाईल का उजाला कर उसकी नाक से सोने की बाली भी तोड़ कर ले गए।

रात्रि के समय ही आस-पास के घरों के लोग दौड़कर आए तब तक चोर भाग चुके थे, ग्रामीणों ने बाड़ों के पीछे खाल की तरफ रास्ते में जाकर देखा तो चोरों की टॉर्च पडड़ी मिल मिल गई, जिसे ग्रामीण बाबूलाल मीणा ने पहचान कर बताया कि यह बैटरी रामलाल मोगिया की है। जिसके बाद ग्रामीणो ने गांव के बाहर टपरी बना कर रह रहे रामलाल मोगिया व उसके पुत्र को पकड़कर गांव में लेकर आये और मेहंदवास पुलिस के वहा पहुचने पर उनके हवाले कर दिया। सरपंच गीता देवी जाट ने बताया कि इससे पहले भी पंचायत में दो दर्जन चोरियां हो चुकी है, मगर पुलिस अभी तक एक चोरी का भी सुराग नहीं लगा सकी है।

# कलेक्टर सौम्या झा की समझाइश के बाद मतदान के लिए राजी हुए ग्रामीण, वृद्धा ने होम वोटिंग कर किया आश्वस्त






खबरों की दुनिया

**टोंक।** जिले के मोहम्मदगढ़ के ग्रामीणों के मतदान बहिष्कार के चेतावनी के बाद गुरुवार को कलेक्टर डॉ. सौम्या झा अधिकारियों के साथ गांव पहुंची। जहां उन्होंने ग्राम पंचायत मोहम्मदगढ़ को तहसील नगरफोर्ट, उपखंड देवली से हटाकर यथावत उपखंड उनियारा में जोड़ने के लिए 2 अप्रैल को ही अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्व विभाग को पत्र लिखे जाने की जानकारी देकर लोकतंत्र के पर्व में मतदान दिवस पर वोट करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी से मतदान करने समझाईश के बाद ग्रामीण मान गए और मतदान करने के लिए जताई सहमति।

वही मौके पर ही दो दिव्यांग मतदाता कमलेश और सत्यनारायण के साथ ही 94 वर्षीय बुजुर्ग महिला मांगी बजरंगी ने होम वोटिंग कर सुविधा के लिए निर्वाचन विभाग की प्रशंसा की।

विदित रहे ग्राम पंचायत मोहम्मदगढ़ के ग्रामीणों ने 29 मार्च को जिला मुख्यालय आकर अपनी मांगों को लेकर प्रशासन को अवगत करवाते हुए चेतावनी दी कि अगर कार्यवाही नहीं कर सकते तो मतदान दलों को उनके गांव-पंचायत भेजने की जरूरत नहीं हैं। क्योंकि मांग पूरी नहीं होने पर पूरी पंचायत ने लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार का निर्णय ले लिया है। इसके बाद लगातार प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी पंचायत के गांवों में जाकर समझाईश कर रहे थे। लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अडिग रहे।

गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा मोहम्मदगढ़ पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत कर प्रशासन की ओर से उनके मांग पर की गई के कार्यवाही से अवगत करवाते हुए उन्हे मतदान दिवस 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए समझाइश की।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश चौधरी, एडीएम बीसलपुर हरिताभ आदित्य अन्य कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद।

## द्वितीय प्रशिक्षण में एक दर्जन अनुपस्थित कार्मिको को नोटिस, दो दिन में मांगा जवाब

खबरों की दुनिया

**टोंक।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 14 से 18 अप्रैल 2024 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुछ कार्मिकों द्वारा चुनाव कार्य में लापरवाही बरती गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान राउमावि खजूरिया के अध्यापक हेमराज गुर्जर, राउमावि कल्याणपुरा जाटान के वरिष्ठ अध्यापक राजाराम गुर्जर एवं अध्यापक रूपनारायण मीणा, राउमावि बरवास के व्याख्याता मुकेश सिंह, सहायक अभियंता जलदाय विभाग टोंक के पंप चालक गोविंद नारायण शर्मा एवं राप्रावि मोहम्मद नगर के प्रबोधक अतहर उल हक प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार राउमावि बस्सी निवाई के अध्यापक हरिकेश मीणा, राउमावि मोतीपुरा (वनस्थली) के प्रबोधक शंकर लाल कुमावत, राप्रावि फतेहपुरा के अध्यापक अंबालाल कुम्हार, राजकीय महाविद्यालय देवली के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भीमराज गुर्जर, महात्मा गांधी स्कूल फुलेता के प्रबोधक रामलाल मीणा एवं राउमावि हरभांवता के कनिष्ठ सहायक नीरज रूपाणी प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि द्वितीय प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर 12 पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को निर्वाचन कर्तव्य की पालना नहीं करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 134 के प्रावधानुसार नोटिस जारी कर 2 दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है। तत्पश्चात् नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## महावीर जयंती महोत्सव मेले को लेकर गाजे बाजे के साथ निकाली भगवान महावीर एवं पारसनाथ की रथ यात्रा

खबरों की दुनिया

**निवाई।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में महावीर जयंती महोत्सव के तीन दिवसीय मेले को लेकर शुक्रवार को भगवान महावीर एवं पारसनाथ की रथ यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रवक्ता विमल जोला व राकेश संघी ने बताया कि महोत्सव को लेकर रथ यात्रा में सबसे आगे ध्वजारोहण कर्ता पारसमल, राजेंद्र कुमार पहाड़ी परिवार बगी में बैठकरचल रहे थे। तत्पश्चात बैंड बाजे के मधुर भजनों पर महिला मंडल भक्ति नृत्य करने के साथ भगवान महावीर की जयकारा लगाते हुए चल रही थी। इसके बाद बालिका मंडल भक्ति नृत्य में झूमते हुए चल रही थी। उनके पीछे जैन समाज के युवा भक्ति नृत्य के साथ भगवान महावीर के नारे लगाते हुए चल रहे थे। अंत में पीली पाठ के रथ में विराजमान भगवान महावीर व पारस को विमल बडेरा सारथी के रूप में रथ को खेचते हुए चल रहे थे। रथ में खजानजी के रूप में राजकुमार ऋतिक कुमार संघी कुबेर के रूप में बैठे हुए थे। भगवान के चंवर ढुराने का सौभाग्य सुरेश कुमार पटनी को मिला।




उन्होंने बताया कि रथ यात्रा का विशाल जुलूस श्रीदिगंबर जैन बड़े मंदिर से रवाना होकर कायस्थों का मोहल्ला, पटेल रोड, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, बिचला जैन, मंदिर चौहटी, बाजार गंणगौरी बाजार, पुलिस थाना होता हुआ पारसनाथ उद्यान नसिया मंदिर पहुंचा। जहां पारसमल राजेंद्र कुमार पहाड़ी परिवार ने ध्वजारोहण करके महावीर जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद संत निवास में भक्तामर महामंडल विधान का आयोजन हुआ।

## बोरडा गणेश मंदिर विकास हेतु भामाशाहों ने किया सहयोग



खबरों की दुनिया

**देवली।** बोरडा गणेश मंदिर विकास हेतु भामाशाहों ने सहयोग किया है। बोरडा गणेश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरिराज जोशी ने बताया कि मंदिर विकास कार्य हेतु राजकीय चिकित्सालय देवली के प्रभारी अधिकारी डॉ राजकुमार गुप्ता ने 21000 रुपए की सहयोग राशि भेंट की। डॉक्टर गुप्ता पूर्व में भी मंदिर विकास में सहयोग करते आ रहे हैं। इसी प्रकार देवली निवासी भानू चौहान ने 10000 कीमत की निर्माण सामग्री मंदिर ट्रस्ट को भेंट की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष गिर्राज जोशी, सदस्य चंद्रभान गोयल, उपाध्यक्ष कालूराम मीणा, कोषाध्यक्ष लादूराम बलाई, मोतीलाल मीणा व अन्य धर्मावलंबियों ने भामाशाहों का माल्यार्पण कर गणेश प्रतिमा भेंटकर सम्मान व अभिनंदन किया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर होगी भजन संध्या

खबरों की दुनिया

**पीपलू।** कस्बे के कुट वाले बालाजी के 23 अप्रैल को श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। साथ ही झांकी सजाई जाएगी। इस अवसर पर श्रैयांश अग्रवाल, मुकेश वैष्णव, पवन लक्षकार, हनुमान मोरी, पवन सेन, अंकित मोरी व सन्मति नकटा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कल्याण महाराज की 19वीं पैदल यात्रा आज होगी रवाना

खबरों की दुनिया

**पीपलू।** उपखंड के ग्राम पंचायत सन्देडा के फार्म से हर माह जाने वाली श्रीकल्याण महाराज की 19वीं पैदल यात्रा आज संकटमोचक हनुमान मंदिर से सुबह 6 बजे संकीर्तन के साथ रवाना होगी। यह जानकारी यात्रा समिति के सदस्य पूर्व सरपंच नाथूलाल चौधरी ने दी।

## मतदाता जागरूकता के लिए 'वॉक थॉन' का आयोजन




खबरों की दुनिया

**देवली।** लोकसभा चुनाव को लेकर सतरंगी सप्ताह के तहत ब्लॉक स्तर पर वॉक थॉन का आयोजन किया गया। वॉक थॉन को पालिका के अधिकारी पवन कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सर्विस वोटर राजकीय कर्मचारियों ने मतदान के लिए अपील की। वॉक थॉन नगरपालिका परिसर से मुख्य मार्गो पर होती हुई छतरी चौराहा, ममता सर्किल, सीआईएसएफ मेन गेट होकर नगरपालिका पहुंचकर विसर्जित हुई। इस आयोजन में 26 अप्रैल को होने वाले लोक सभा चुनाव के लिये मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्थानीय संघ के सचिव द्वारका प्रसाद प्रजापति, अनिल गौतम सहित देवली राजकीय महा विद्यालय के स्काउट गाइड, उपखण्ड कार्यालय कर्मचारी, चिकित्सा विभाग, पंचायत समिति, नगर पालिका, कृषि विभाग, पशु चिकित्सा विभाग के कई राजकीय कर्मचारियों, आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## बाडे मे से दो दिन तक लगातार चोरों ने चुराई बकरियां

खबरों की दुनिया

**निवाई।** बरोनी थानान्तर्गत के गांव सींदरा में एक बाडे से दो दिन तक लगातार बकरियां चोरी होने की घटना घटित हुई है। इस मामले में पीड़ित ने बरोनी थाने में चोरी का मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित राजकुमार पुत्र प्रभुदयाल बलाई निवासी सींदरा ने रिपोर्ट में बताया कि 17 अप्रेल की रात को 8 बजे उसके बाडे से अज्ञात चोर बकरा चुराकर ले गए। इसी प्रकार 18 अप्रेल की रात करीब 9 बजे चोर बाडे में बंधी हुई दो बकरियां चुराकर ले गए। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## महावीर जयंती के अवसर पर वाहन रैली 21 को

खबरों की दुनिया

**देवली।** भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव कार्यक्रम के तहत 21 अप्रैल को प्रातः 8:30 बजे विशाल वाहन रेली निकाली जाएगी। नवयुवक मंडल अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि वाहन रैली पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पटेल नगर से शुरू होकर नमोकार होस्पिटल से पेट्रोल पम्प से एसबीआई बैंक चौराहे से भरतपुर हाउस सेक्षआदीनाथ मंदिर से अटल उद्यान के बाहर से होते हुए मेन मार्केट होते हुए चन्द्र प्रभु मन्दिर से छतरी चोराहा होते हुए ममता सर्किल से किसान टाकीज़ के पास से श्रीमहावीर दिगम्बर जैन मंदिर होते हुए बस स्टेंड के सामने से सीटी डिस्पेंसरी हुए पार्श्वनाथ धर्मशाला के बाहर से शान्ति नाथ मन्दिर के बाहर से टेलीफोन एक्सचेंज से भगवान महावीर उद्यान होते हुए पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पटेल नगर में समापन होगा।

## लोकतंत्र में मतदान करने का सभी को है अधिकार : मनोहरलाल जाट



खबरों की दुनिया

**निवाई।** लोकसभा चुनाव को लेकर सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया के निर्देशानुसार अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट व राजस्व अधिकारी नवरतन शर्मा के सानिध्य में नगरपालिका द्वारा शहर में जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान करने का सभी को अधिकार है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र के महापर्व में भागेदारी निभाएं। उन्होंने लोगों को उनके मताधिकार का उपयोग कर वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जमात में अटल पार्क के बाहर ढोल बजाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक मनीष गौर, सहायक अभियंता चंद्रप्रकाश मीना, कनिष्ठ अभियंता राज राणावत, कनिष्ठ अभियंता पप्पूलाल मीना, सहायक अग्निशमन अधिकारी राजेन्द्रकुमार मीणा, वरिष्ट सहायक हरीश मीणा, कनिष्ट सहायक पवन वर्मा, फायर मैन अजय यादव, हनुमान गुर्जर, राकेश मीणा, शहरी रोजगार सहायक सुरभी गौतम व पूनम शर्मा सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

## फूलों से रंगोली बनाकर मतदान का दिया संदेश



खबरों की दुनिया

**देवली।** राउमावि देवडावास में विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने फूलों से रंगोली बनाकर मतदान हेतु प्रेरित किया। शिक्षक तुलसीराम शर्मा ने बताया कि प्रधानाचार्य जयकुमार जैन के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं। शुक्रवार को विद्यालय में सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर फूलों से रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर दयानंद वर्मा, रघुनंदन पंचोली, सुवालाल रेगर, ज्योति वर्मा, राम दयाल बेरवा, प्रदीप कुमार बिडला, देवनारायण गुर्जर, रमेश शर्मा, दोलत सिंह, झीलमवती, अन्नू नागरवाल, छीतर सैनी, ममता शर्मा, ममता मूंदडा, कमलेश कुमार वर्मा एवं अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

## घर से लापता युवक की हत्या कर शव कुएं में फेंका

**–हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं, एसपी के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम घटित**

खबरों की दुनिया

**बूंदी।** जिले के हिंडौली थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर शव कुएं में फेंकने का मामला सामने आया है। युवक की हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। युवक के सिर में गंभीर चोट के निशान बताए गए है। सम्भवतः उसी से ही उसकी मौत हुई है। उधर जानकारी करने में सामने आया कि युवक बुधवार शाम से ही घर से लापता था और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। युवक का अगले दिन सुबह कुएं में शव मिलने से सनसनी फैल गई।



जानकारी के अनुसार युवक के साथ पहले गंभीर रूप मारपीट की गई और बाद में उसको लहूलुहान हालत में हाइवे से 5 फीट दूर एक कुएं में फेंक दिया। मृतक युवक तालाब गांव निवासी 25 वर्षीय आबिद हुसैन पुत्र अलाउद्दीन था। जिसका शव शोला की झोपड़िया नेशनल हाइवे 148-डी के पास लहूलुहान हालात में कुएं में मिला था। सुबह कुछ ग्रामीण कुएं के पास से निकले तो मृतक का मोबाइल बज रहा था। ग्रामीणों ने मोबाइल रिसीव किया और उसके परिजनों को पूरे हालात बताए। इसके बाद उसके परिजन और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला।

उधर हिंडोली पुलिस को सौंपी रिपोर्ट में मृतक के परिजनों ने बताया कि आबिद घर में ट्रक का पूरा कामकाज देखता था। बुधवार शाम 7 बजे वह घर से मोटरसाइकिल लेकर निकला था और वापस नहीं लौटा। तब से ही उसको परिजन लगातार ढूंढ रहे थे और उसका मोबाइल भी लगा रहे थे। लेकिन आबिद ने मोबाइल कॉल रिसीव नहीं किया तो उन्हें चिंता हो गई। इसके बाद पत्नी, भाई समेत पूरा परिवार रातभर उसको इधर से उधर तलाशते रहे।

लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद गुरुवार सुबह सवा 7 बजे किसी ग्रामीण ने आबिद का मोबाइल अटैंड किया और हालात हमें बताए। हमारा परिवार ग्रामीणों के साथ शोला की झोपड़िया गांव के पास मौके पर पहुंचे। मृतक की मोटरसाइकिल सड़क के सहारे खड़ी थी और उसकी लाश कुएं में पड़ी हुई थी। आबिद के मोजे, जूते और मोबाइल कुएं के पास बाहर पड़े थे। इसी मोबाइल को ग्रामीणों ने अटेंड कर परिजनों को जानकारी दी थी। आबिद की बाइक की चाबी भी मौके पर ही पड़ी हुई मिली। वही हिंडोली थानाधिकारी पवन कुमार मीणा ने बताया की मामले में हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है। मृतक के सिर में गंभीर चोट होने से मौत हुई और उसके गले में भी रस्सी के निशान मिले हैं। कई जगह गंभीर चोटों के निशान थे। मौत के कारणों की जांच की जा रही है आरोपी जल्द गिरफ्त में होंगे।

# आम आदमी आम नहीं खाएगा तो फिर कौन खाएगा



अशोक चतुर्वेदी
व्यंग्यकार

**सुना है ईडी** को अरविंद केजरीवाल के आम खाने पर एतराज है...मिठाई खाने पर भी दिक्कत है...अब बताओ, आम आदमी आम नहीं खाएगा तो क्या खाएगा...दूसरे फल वैसे ही महंगे हैं...आम आदमी की पहुंच में नही हैं...तो सीजन आने पर आम आदमी आम जरूर खाता है... दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वैसे तो वीआईपी हैं लेकिन पार्टी के नजरिए से आम आदमी हैं...पार्टी का नाम ही आम आदमी पार्टी है तो केजरीवाल आम आदमी हुए...अब जेल में बंद हैं तो सारा दिन काटना मुश्किल है...कहते हैं खुद की बैरक की खुद ही सफाई करते हैं...रोज झाडू लगाते हैं...इस पर भी विरोधियों ने राजनीति तलाश ली..कहा कि झाडू चुनाव चिन्ह है तो जेल से झाडू लगा कर संदेश भेज रहे हैं....यह अलग बात है कि केजरीवाल ने कभी परवाह नहीं की...झाडू लगाने में लगे हैं...अब ईडी को आम खाने-मिठाई खाने पर एतराज है...ईडी का कहना है कि केजरीवाल जानबूझ कर मिठाई-आम खा रहे हैं ताकि शूगर लेबल बिगड़ जाए और वे इस आधार पर जमानत पा जाएं... केजरीवाल को डायबिटीज बताई जाती है...तो ईडी ने मिठाई-आम खाने पर एतराज किया है...वैसे मिठाई शुभ संदेश पर खाई जाती है... या फिर कोई मांगलिक अवसर पर मुंह मीठा करने-कराने का रिवाज है...केजरीवाल चुनाव परिणामों से पहले ही मिठाई क्यों खा रहे हैं...ये तो वे ही ज्यादा बेहतर बता सकते हैं...हो सकता है उन्हें जेल में बैठे-बैठे पूर्वाभास हो गया हो कि सत्ता में बैठा दल जाने वाला है...तो खुद ही अपना मुंह मीठा कर रहे हों...वैसे ईडी ने आम पर भी उंगली उठाई है...तो चर्चा बनती है...आम फलो का राजा है...पहली क्लास में ही पढ़ा दिया जाता है...बावजूद इसके किसी का आम से पीछा नहीं छूटता...आम जब-जब भी खाया...बड़े आदमी ने खाया तो चर्चा हुई...मुगल बादशाह तैमूर लंग को भी आम बड़े पसंद थे...खास कर लंगड़ा आम बहुत पसंद था...मजबूरी यह थी कि सिपहसालार लंगड़े आम को लंगड़ा बोल नहीं सकते थे...क्योंकि तैमूर लंग खुद लंगड़ा था...उसके एक पैर में कज था...तो तैमूर को आम बेहद पसंद था...जब भी आम की बात होती है...तैमूर का जिक्र जरूर आता है...इतिहास से परे आएं तो नरेन्द्र मोदी को आम बहुत पसंद हैं...सिने स्टार अक्षय कुमार तो उनका इंटरव्यू भी कर चुके हैं...खासा चर्चित रहा है...साक्षात्कार में मोदी ने आम की दिल खोल कर तारीख की...उन्होंने तो यहां तक बताया कि आम चूसने में ज्यादा मजा आता है कि काट कर खाने में...जैसे ही यह इंटरव्यू वायरल हुआ बहुतेरे मोदी के बताए तरीके से आम खाने लगे...कहा जाता है कि अब इन्हें आम खाने में ज्यादा मजा आता है...तो जब बड़े-बड़े लोग आम खा सकते हैं...तो फिर केजरीवाल क्यों नहीं खा सकते.... हो सकता शूगर बढ़ने की आशंका हो तो डाक्टर बैठाया जा सकता है लेकिन आम खाने पर एतराज समझ से परे है...ईडी के ऐसा करने पर गलत संदेश भी जा सकता है...हो सकता है खास तक भ्रांति फैल जाए कि आम खाने वाले पर ईडी नजर रखती है...तो ये आम खाना छोड़ सकते हैं...ऐसा हुआ तो आमो की बड़ी बेकद्री होगी...आम खास होते हुए भी आम ही रह जाएगा...और जब आम रह जाएगा तो इसे राजा कौन कहेगा..राजा कौन मानेगा...तो ईडी को पुनर्विचार करना चाहिए...गर, डायबिटीज का मामला है तो बात अलग है...वरना तो आम से एतराज उठाना चाहिए...और फिर अभी तक केजरीवाल फिट हैं...मिठाई और आम खाने के बाद भी तबीयत दुरुस्त है तो फिर चिंता कैसी...




> सुना है ईडी को अरविंद केजरीवाल के आम खाने पर एतराज है...वजह चाहे जो हो, आम खाने पर एतराज है...आम परेशान है, सोचता होगा आम को आम आदमी नहीं खाएगा तो फिर कौन खाएगा...वैसे आम बड़े लोगों का पसंदीदा फल रहा है..मुगल शासक तैमूर लंग को आम बहुत पसंद था... आम पीएम को भी पसंद है...अक्षय के साथ इंटरव्यू में उन्होंने खुल कर चर्चा की थी...बताया था, आम चूस कर खाने में ज्यादा मजा आता है या फिर काट कर खाने में...अब यह पता नहीं केजरीवाल आम कैसे खा रहे हैं...!

वैसे होना तो यह चाहिए कि गर्मियों में चुनाव के दौरान किसी राजनीतिक दल को चुनाव चिन्ह ही आम रख लेना चाहिए...और कुछ नहीं तो मतदाता मशीन पर आम देख कर ही वोट दे आएगा....प्रचार के लिए ज्यादा झंझट करने की जरूरत भी नहीं होगी...

शहर के सारे आम के ठेले घर के बाहर लगवा दें...प्रचार स्वतः ही हो जाएगा...ध्यान रहे जेल के बाहर आम के ठेले ना लगवाएं...वरना ईडी के निशाने पर आ सकते हैं...विरोधियों को निशाने पर लिया जा सकता है...आम तो आम है....कभी-कभी भाग्य जागते हैं तो वीआईपी हो जाता है...वरना आम राजा होने के बाद भी आम बना रहता है...ईडी के एतराज पर आम भी हैरान है...आम को आम आदमी नहीं खाएगा तो क्या फिर वीआईपी ही खाएगा...चूस कर या काट कर खाएगा...सोच-सोच कर शायद आम भी परेशान है...।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# भारतीय जनसंख्या में बेतहाशा बढ़ती दर के अनुपात में जीवनयापी संसाधनों की स्थिति को रेखांकित करना समय की मांग



एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानी





वैश्विक स्तर पर भारत की जनसंख्या चीन को पछाड़ते हुए 142 करोड़ के ऊपर जाकर विश्व की नंबर वन जनसंख्या वाला देश भारत बन गया है यह हमें पिछली बार 2023,में आई संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में पता चल गया था परंतु दिनांक 17 अप्रैल 2024 को जारी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि वार्षिक विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट ने मुझे हैरान कर दिया है, क्योंकि इसमें बताया गया है कि भारत की जनसंख्या अभी 144.17 करोड़ हो चुकी है और आने वाले 77 वर्षों में यह इसकी दोगुना हो जाएगी,जिसमें अनेक रेश्यो भी दिए हैं कि किस क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि के कैसे प्रभाव पड़े हैं जैसे उम्र लेवल पर जनसंख्या, महिलाओं की जनसंख्या लेवल पर स्थित,मातृ मृत्यु में असमानता महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ तथा प्रवस के दौरान रोज 800 महिलाओं की मृत्यु सहित 2006-2023 के बीच 23 प्रतिशत बाल विवाह सहित अनेको विश्लेषण दिए हैं। परंतु इस बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या पर मेरा मानना है कि इसके कंपनसेशन में जीवनयापी संसाधनों की क्या स्थिति है, बढ़ती बेरोजगारीको मिटाने का क्या प्लान है, जीवो को रहने के संबंध में कैसा प्रबंध प्रपोज्ड है जैसे अनेक मुद्दों पर गहन चर्चा कर नीति आयोग द्वारा नीति निर्माण करना होगा, क्योंकि मानव निर्मित संसाधनों को हम उपलब्ध करा सकते हैं, परंतु जब संसाधन कुदरत रचित हैं जैसे हवा पानी धरती के रूप स्थान के लिए तथा अनाज सहित अनेक ऐसी खाद्य वस्तु है जो सृष्टि द्वारा रचित है या कुदरत की देन है, इनमें हम कैसे इजाफा करेंगे ताकि जनसंख्या वृद्धि का संतुलन समय पर हम कर सकें क्योंकि भारतीय जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि दर के अनुपात मेंजीवनयापी संसाधनों की स्थिति को रेखांकित करना समय की मांग है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारतीय जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि बनाम जीवनयापी संसाधनों की स्थिति।

साथियों बात अगर हम भारत में जनसंख्या के बढ़ते आंकड़े की करें तो,भारत में आखिरी जनगणना 2011 में की गई थी,उस वक्त भारत चीन के बाद दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा आबादी वाला देश था और देश की जनसंख्या 121 करोड़ थी। भारत की ताजा जनसंख्या पर यूनाइटेड नेशन पॉपुलेशन फंड (यूएनएफपीए) ने रिपोर्ट जारी की है,जिसके मुताबिक भारत दुनियां का सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है। भारत की पॉपुलेशन 144 करोड़ से अधिक हो गई है, इसमें 24 फीसदी आबादी 0 से 14 साल से कम उम्र की है। इस रिपोर्ट में ये भी अनुमान लगाया गया है कि भारत की आबादी आने वाले 77 सालों में दोगुनी हो जाएगी। रिपोर्ट में जनसंख्या के साथ-साथ नवजात बच्चों की मौत, महिलाओं और एलजीबीटीक्यू की स्थिति आदी के बारे में भी डेटा दिया गया है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि भारत में मातृ मृत्यु में काफी भारी गिरावट आई है।

साथियों बात अगर हम जनसंख्या के बायफरकेशन की करें तो, रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की 144.17 करोड़ आबादी में 24 फीसदी आबादी 0-14 साल की है,जबकि 17 फीसदी आबादी 10-19 साल के अंदर है। इतना ही नहीं, 10-24 साल वाले भी भारत में 26 फीसदी हैं, जबकि 15-64 आयु वर्ग के सबसे ज्यादा 68 फीसदी हैं। इसके अलावा भारत की 7 फीसदी जनसंख्या 65 साल और उससे ज्यादा उम्र की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 साल और महिलाओं की 74 साल है।मातृ मृत्यु पर भारत की सराहना रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में मातृ मृत्यु दर में काफी गिरावट आई है, जोकि दुनिया भर में ऐसी सभी मौतें का 8 फीसदी है।भारत में इस सफलता का क्रेडिट सरकार के सस्ती और अच्छी स्वास्थ सेवाओं को जनता तक पहुंचाना और लैंगिक भेदभाव को कम करने के प्रायासों को दिया है।

पीएलओएस की ग्लोबल पब्लिक हेल्थ रिपोर्ट का हवाला देते हुए यूएनएफपीए ने कहा कि सर्वे में पता चला है कि भारत के 640 जिलों में एक तिहाई जिलों ने मातृ मृत्यु कम करने के लिए सतत विकास लक्ष्य हासिल कर लिया है।

बता दें भारत सरकार द्वारा नवजात की मृत्यु दर को कम करने और शिशुओं और माओं को पौष्टिक आहार मुहैया कराने के लिए कई स्कीम चलाई जा रही हैं।

इसके अलावा अच्छे और सस्ते स्वास्थीय ने भी जनसंख्या बढ़ोत्तरी में अहम किरदार निभाया है। देश में महज 7 फीसदी आबादी 65 वर्ष या इससे अधिक उम्र की है।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि (यूएनपीएफ) की तरफ से वार्षिक विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं, जिसकी वजह से मातृ मृत्यु दर में कमी आई है और जीवन प्रत्याशा बढ़ी है।

देश की आबादी में महज 7 फीसदी 65 साल या इससे अधिक उम्र के लोग हैं। देश में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेंटेसी) बढ़कर 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष हो गई है।

77 वर्ष बाद 2101 तक भारत की आबादी बढ़कर दोगुनी हो जाएगी। रिपोर्ट में भारत में जनसंख्या बढ़ने के पीछे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार व जीवन प्रत्याशा में वृद्धि है।

रिपोर्ट में गर्भवती व प्रसूताओं को पौष्टिक आहार मुहैया कराने को लेकर चलाई जा रहीं योजनाओं की भी प्रशंसा की गई है। यह भी बताया गया है कि 2006-2023 तक भारत में बाल विवाह की दर 23 फीसदी रही, जो अत्यंत चिंताजनक है।

साथियों बात अगर हम जनसंख्या के उपलब्ध आंकड़ों में महिलाओं का विश्लेषण करें तो,रिपोर्ट के मुताबिक देश के 640 जिलों में सतत विकास लक्ष्यों के मुताबिक मातृ मृत्यु दर का अनुपात एक लाख पर 70 या इससे कम है लेकिन 114 जिले ऐसे हैं, जहां यह अनुपात 1 लाख पर 210 या इससे ज्यादा है। अरुणाचल प्रदेश के तिराप जिले में यह सबसे ज्यादा एक लाख पर 1,671 है।

रिपोर्ट के मुताबिक भारत में लैंगिक भेदभाव कम हुआ है। हालांकि, दिव्यांग महिलाओं को सामान्य महिलाओं की तुलना में 10 गुना ज्यादा लैंगिक भेदभाव और हिंसा का शिकार होना पड़ता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के धनी परिवारों की महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार का ज्यादा लाभ मिला। इसके अलावा विकलांग महिलाएं, लड़कियां, प्रवासी, शरणार्थी, जातीय अल्पसंख्यकों, एलजीबीटीक्यू प्लस, एचआईवी पीड़ित व वंचित जातियों को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य जोखिमों का अधिक सामना करना पड़ता है। कमजोर तबकों की स्थिति को जलवायु परिवर्तन, बड़े पैमाने पर प्रवासन जैसी परिस्थितियों ने और खराब किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लाखों महिलाएं और लड़कियों को अब भी कई मायनों में आगे बढ़ाए जाने की जरूरत है। मसलन,एक चौथाई महिलाएं अपने साथी के साथ यौन संबंध बनाने से इन्कार नहीं कर सकती हैं। 10 में से एक महिला गर्भनिरोधक के बारे में कोई फैसला लेने की स्थिति में नहीं है।

यूएनएफपीए की इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में सेक्सुअल और रिप्रोडक्टिव हैल्थ 30 सालों के सबसे बेहतर स्तर पर है। यही कारण है कि डिलीवरी के दौरान होने वाली मौतों की संख्या में भी गिरावट आई है। दुनिया में हो रही ऐसी मौतों में भारत का हिस्सा आठ फीसदी है।

रिपोर्ट में वैश्विक रूप से महिलाओं की यौन स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा गया है कि लाखों महिलाएं और लड़कियां अभी प्रमुख स्वास्थ्य उपायों से वंचित हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि डाटा वाले 40 फीसदी देशों में महिलाएं शारीरिक संबंधों का फैसले लेने में पुरुषों से पीछे हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतीय जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि बनाम जीवनयापी संसाधनों की स्थिति संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि,वार्षिक विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट 2024 जारी। भारतीय जनसंख्या में बेतहाशा बढ़ती दर के अनुपात में जीवनयापी संसाधनों की स्थिति को रेखांकित करना समय की मांग है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# नवप्रवर्तन राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि के दिशा प्रवर्तक



संजीव ठाकुर
चिंतक, लेखक

नवप्रवर्तन राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि के दिशा प्रवर्तक होते हैं। किसी भी देश में समस्त प्रयासों की रचनात्मक भूमिका होनी चाहिए उसी के फल स्वरुप राष्ट्र का आर्थिक तंत्र मजबूत तथा शक्तिशाली होता है।

जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है।

मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है।

नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3 प्रतिशत नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है।

पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो ।

वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है।

नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है।

नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है।

सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं।

इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है।

पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है।

हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी।

इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## संजीव-नी

खुशबू सा तेरी सांसो मे ठहर जायेंगे! पंखुड़ियां सा तेरे सामनें बिखर जायेंगे ! गजरे सा तेरे गेसुओं में संवर जाएंगे।

जरा अपनी सांसों को रखिए महफूज, खुशबू सा तेरी सांसो मे ठहर जायेंगे! महसूस करने की कोशिश तो कीजिए! यादों सा तेरे दिल मे उतर जायेंगे!!

जेहन में रखकर भी, क्यों हैं इतनी दूरियां, नजदीक आइये,थोड़ा तुझमें बिखर जाएंगे। जरा हम पर नजरें इनायत तो करिए हुजूर, दूर होकर भी तेरे जज्बातों में नजर आएंगे!!

इंतजार की अब इन्तेहाँ हो गई शायद, थोड़ा हम भी तेरी जुल्फों में ठहर जाएंगे।

**संजीव ठाकुर**
**रायपुर छत्तीसगढ़**

# दक्षिण भारत में भाजपा को भरोसा योगी और प्रमोद सावंत पर



आर. के. सिन्हा
पूर्व सांसद, राज्यसभा

**भाजपा इस बार दक्षिण** भारत की जंग में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए जी-जान लगा रही है। वह इस चुनावी जंग में अपने प्रतिद्वंदियों को किसी भी सूरत में कोई स्पेस देने के मूड में नहीं है। जिनको लगता है कि भाजपा का दक्षिण भारत में कोई वजूद ही नहीं है, वे घोर मुगालते में हैं। भाजपा इस बार इन राजनीतिक अल्प-ज्ञानियों को पूरी तरह से गलत साबित करना चाहती है। दक्षिण भारत के राज्य भाजपा के लिए अबतक कठिन चुनौती वाले प्रदेश रहे हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है । लेकिन, अब परिस्थितियाँ बदली हैं। इस बार पार्टी ने दक्षिण भारत में चुनावी स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ने का मन ही नहीं बनाया, बल्कि दृढ़ संकल्प किया हुआ है। वास्तव में 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के संबंध में दक्षिण की धारणा को पूरे समाज, मीडिया और समीक्षकों की राय बदलने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। भाजपा ने अपने दो बेहद तेज-तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को दक्षिण भारत में सघन चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। ये दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में जमकर कैंपेन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में ही देते हैं। जाहिर है, इस वजह से वे तुरंत स्थानीय जनता से संबंध स्थापित कर उन्हें प्रभावित करते हैं। योगी आदित्यनाथ को भी दक्षिण भारत के अन्य राज्यों में प्रचार करना है। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं।

उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यानसे सुनती हैं। उन्होंने बीमारू उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि चुस्त-सख्त प्रशासन से गुंडे मवाली भाग खड़े होते हैं। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवाकी स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की भ्रांति पूर्ण धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा एक प्राचीन सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का संकल्प लिया है।

बेशक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ अपनेगृह प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और बिहार में भी बड़ी सभाओं को संबोधित कर चुके हैं। वे जिधर भी जाते हैं वहां पर उनका अभूतपूर्व स्वागत होता है। इस बीच,तमिलनाडु उन अनूठे राज्यों में से एक है, जहाँ 87 फीसद से अधिक हिंदू आबादी है। यह उन राज्यों में एक है जहांराष्ट्रीय दलों यानी भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति अबतक काफी कमजोर रही है। हाँ भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी में जरूर अच्छे वोट जुटाती रही है। तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा, कई भाजपा नेता विवादास्पद बयान के लिए जाने जाते रहे । लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है।और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद दक्षिणी राज्य में भाजपा कीसंभावनाएं काफी बढ़ गई हैं।

अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने मेंकाफी हद तक सफल भी हुए हैं। मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन दे रहे हैं। भाजपा ने इसी आधार पर तमिलनाडु में अकेले 23 सीटों पर चुनाव लड़ने का साहस दिखाया। तमिलनाडू में 19 अप्रैल को मतदान हुआ। भाजपा को लगता है कि वह इस बार तमिलनाडु और केरलजैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी।

दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं।इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल(20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

कांग्रेस ने 2019 में दक्षिण से 28 लोकसभासीटें जीतीं थीं। इसमें केरल में 15, तमिलनाडु में 8, तेलंगानामें तीन, कर्नाटक में एक और पुदुचेरी में एक, जबकि भाजपा ने कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में 4 सीटें जीती थीं। तमिलनाडु में भाजपा का खाता नहीं खुला था जबकि उसका जे. जयललिता की पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) से गठबंधन था।

केरल और आंध्र प्रदेश में भी हाल यही रहा। खास बात है कि दक्षिण भारत में सबसे ज्यादा सीटें तमिलनाडु में ही हैं। मोदी- शाह के साथ भाजपा के चुनावी रणनीतिकार इस राज्य में ही खाता खोलने पर पूरा फोकस करते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से भी तमिलनाडु का रिश्ता जोड़ा गया है और सफलतापूर्वक आयोजित की गई तमिल संगम इसकी बानगी है।

योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को बहुत सोच समझकर दक्षिण का किला फतेह करने का काम सौपा गया। इसी तरह से योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और केरल को साधने के लिए भी भेजा जाएगा। योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में उत्तर प्रदेश जिस तरह से निजी क्षेत्रका निवेश हासिल कर रहा है, उसका संदेश दूर तक जा रहा है। कोरोना काल के बाद जब निवेशक बहुत सोच-समझकर और फूंक-फूंककर निवेश कर रहे हैं, तब उत्तर प्रदेश में 80 हजार करोड़ रुपये के निवेश का वादा हो चुका है। पिछले कुछ समय पहले लखनऊ में हुए एक निवेशक सम्मेलन में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाएं धरातल पर उतरीं। उत्तरप्रदेश अपनी छवि तेजी से बदलता जा रहा है। इसे दक्षिण भारत की जनता भी देख रही है। यह ही स्थिति प्रमोद सावंत की है। वे भाजपा के सबसे कुशल मुख्यमंत्रियों के रूप में उभरे हैं। भाजपा तमिलनाडु मेंद्रमुक और अपेक्षाकृत कमजोर अन्नाद्रमुक जैसे स्थापित दलों से मुकाबला कर रही है।

वहीं, कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) के साथ एक व्यावहारिक गठबंधन बनाया है, ताकि वोक्कालिंगा और लिंगायत जैसे प्रमुख समुदायों के वोटों का विभाजन रोक सके।

भाजपा तेलंगाना में पिछले विधानसभा चुनाव में अपने बढ़े हुए वोट प्रतिशत का फायदा उठाने में जुटी है। वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी के साथ मोदी जी के अच्छे समीकरण के बावजूद पार्टी ने आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी(टीडीपी) और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ गठबंधन किया है।

इन सभी रणनीतियों का परिणाम तो वोट काउंटिंग के दिन ही सामने आएगा, लेकिन इतना जरूर तय हो गया है कि भाजपा ने दक्षिण को साधने के लिए पुख्ता रणनीति तैयार कर ली है।

अगर दक्षिण भारत के राज्यों में भाजपा का प्रदर्शन पहले से बेहतर रहता है तो इसका श्रेय्योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी देना होगा जो अपने अपने राज्यों को छोडकर यहां प्रचार करने के लिए आए।


(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# लोकसभा आम चुनाव के अंतर्गत जिले में 53.05 फीसदी मतदाताओं ने डाले वोट

## जिलेभर में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम



























**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

लोकसभा के गठन के लिए हो रहे चुनाव में शुक्रवार को करौली-धौलपुर संसदीय क्षेत्र पर में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। देर शाम प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में लगभग 53.05 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान सुरक्षा के माकूल इंतजाम रहे तथा पुलिस, आरएसी एवं अर्धसैनिक बलों ने मोर्चा संभाला। मतदान में बुजुर्ग तथा युवाओं ने भी काफी उत्साह से भाग लिया।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने इन्फेन्ट स्कूल मतदान केन्द्र पर पहला वोट

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने मतदान केन्द्र इन्फेन्ट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर पर अर्ली वोटर बनकर लोकतंत्र में भागीदारी का संदेश दिया। उन्होंने ठीक सुबह 7 बजे मतदान प्रारम्भ होते ही प्रथम वोट किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन के दायित्वों के साथ लोकतंत्र के कर्मठ मतदाता के रूप में भूमिका निभाई।

### क्षेत्र भ्रमण कर रखी मतदान प्रक्रिया पर नजर

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराणा स्थित मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्र रजौरा में बहिष्कार की खबर पर ग्रामीणों से समझाइश कर पुनः मतदान शुरू कराया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के साथ क्षेत्र भ्रमण किया और शान्तिपूर्ण मतदान हेतु मतदान प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखी। इस दौरान उन्होंने वेबकास्टिंग के जरिये भी जिले के लगभग आधे मतदान केन्द्रों पर दृष्टि बनाये रखी।

### जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसपी ने स्वयं संभाला मोर्चा

**चप्पे-चप्पे पर सैनिक बलों की टुकड़ियों एवं पुलिस के जवानों की तैनाती**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला पुलिस अधीक्षक ने जिले में शान्तिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने के लिए स्वयं हर व्यवस्था सहित सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी निगरानी बनाये रखी। राजस्थान पुलिस और आरएसी के अलावा अर्ध सैनिक बलों की टुकड़ियों ने सुरक्षा की कमान संभाली। मतदान केन्द्रों पर बीएलओ की तैनाती की गई थी। मतदान से पूर्व पर्दानशी महिलाओं की पहचान के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भी तैनाती की गई।

### समय दर समय यूं रहा मतदान प्रतिशत

### जिलेभर में 9 बजे तक 11.02 प्रतिशत

9 बजे तक 97 हजार 474 मतदाताओं ने मतदान किया। जिले में पंजीकृत 8 लाख 84 हजार 360 मतदाताओं में से बसेड़ी में 2 लाख 4 हजार 554 में से 21 हजार 630 मतदाताओं सहित 10.57 प्रतिशत, बाड़ी में 2 लाख 38 हजार 934 मतदाताओं में से 25 हजार 40 सहित 10.48 प्रतिशत मतदान हुआ, धौलपुर में 2 लाख 25 हजार 283 मतदाताओं में से 26 हजार 706 सहित 11.85 प्रतिशत एवं राजाखेड़ा में कुल पंजीकृत मतदाता 2 लाख 15 हजार 589 मतदाताओं में से 24 हजार 98 सहित 11.18 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। जिले के 932 मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुई।

### 11 बजे तक जिलेभर में कुल 21.78 प्रतिशत मतदान हुआ

जिसमें बाड़ी विधानसभा में 21.35 प्रतिशत, बसेड़ी में 20.65 प्रतिशत, धौलपुर में 23.21 प्रतिशत तथा राजाखेड़ा विधान सभा क्षेत्र में 21.85 प्रतिशत मतदान हुआ।

### 1 बजे तक 30.76 प्रतिशत मतदान हुआ।

जिसमें बाड़ी विधानसभा में 30.05 प्रतिशत, बसेड़ी में 29.06 प्रतिशत, धौलपुर में 32.75 प्रतिशत तथा राजाखेड़ा विधान सभा क्षेत्र में 31.09 प्रतिशत मतदान हुआ।

### 3 बजे तक जिले में 37.04 प्रतिशत

बाड़ी विधानसभा क्षेत्र का 36.05, बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र का 34.96 प्रतिशत, धौलपुर विधान सभा क्षेत्र का 39.40 प्रतिशत एवं राजाखेड़ा विधान सभा क्षेत्र का चुनाव मतदान 37.63 प्रतिशत रहा। 3 लाख 27 हजार 540 मतदाताओं ने अपना वोट डाला।

### 5 बजे तक धौलपुर का कुल मतदान प्रतिशत 46.54 प्रतिशत रहा

बाड़ी विधानसभा क्षेत्र का 1 लाख 9 हजार 724 सहित 45.92 प्रतिशत, बसेड़ी में 90 हजार 398 सहित 44.19 प्रतिशत,धौलपुर विधान सभा क्षेत्र का 1 लाख 10 हजार 320 सहित 48.97 प्रतिशत एवं राजाखेड़ा विधान सभा क्षेत्र में 1 लाख 1 हजार 107 वोटों के साथ 46.90 प्रतिशत मतदान हुआ । अब तक 8 लाख 84 हजार 360 में से 4 लाख 11 हजार 549 मतदाताओं ने अपना वोट डाला।

### धौलपुर का मतदान प्रतिशत लगभग 53.05 प्रतिशत रहा

बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 23 हजार 836 मतदाताओं ने वोट डाले तथा मतदान 51.83 प्रतिशत रहा , बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 3 हजार 755 मतदाताओं ने वोट डाले तथा मतदान 50.72 प्रतिशत रहा, धौलपुर विधान सभा क्षेत्र में 1 लाख 25 हजार 468 मतदाताओं ने वोट डाले तथा मतदान 55.69 रहा एवं राजाखेड़ा विधान सभा क्षेत्र में 1 लाख 16 हजार 63 मतदाताओं ने वोट डाले तथा मतदान 53.84 प्रतिशत रहा। जिले में पंजीकृत 8 लाख 84 हजार 360 में से कुल 4 लाख 69 हजार 122 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

**(आंकड़े लगातार अद्यतन के कारण परिवर्तनशील)**

दिव्यांगजन एवं बुजुर्ग मतदाताओं को बूथ तक लाने ले जाने के लिए की गई विशेष व्यवस्था।

दिव्यांगजन एवं बुजुर्ग मतदाताओं को बूथ तक लाने ले जाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामात किए गए। प्रत्येक मतदान केंद्र पर दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए वोलंटीयर्स के माध्यम से सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

### परिणय सूत्र से पहले थामा लोकतंत्र का दामन

युवा मतदाताओं एवं वैवाहिक बंधन में बंधने जा रहे मतदाताओं ने भी लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करके आहुति दी। शिवानी पुत्री सुरेश चंद निवासी ग्राम डोमपुरा मड़ासिल सरमथुरा मतदान बूथ क्रमांक 56 ने वैवाहिक बंधन में बंधने से पूर्व मतदान कर मिशाल पेश की। उन्होंने मतदान करके सेल्फी लेकर खुशी का इजहार किया। नव मतदाताओं में मतदान को लेकर भारी उत्साह दिखाई दिया।

बारात रवाना होने से पूर्व दूल्हा मतदान करने पहुंचा और बोला पहले मतदान जरूरी, तभी मजबूत होगा लोकतंत्र। डोंगरपुर धौलपुर भाग संख्या 128 निवासी मतदाता सूरज पुत्र रघुवीर सिंह ने वैवाहिक बंधन में बंधने से पूर्व लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करके भागीदारी निभाकर अनोखी मिसाल कायम की है। गुजरपुरा बाड़ी निवासी दूल्हे ने दुल्हन के साथ फेरे लेने के लिए प्रस्थान करने से पहले मतदान को प्राथमिकता दी।

बीहड़ डांग क्षेत्र के गांवों में भी मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह दिखाई दिया। बल्लापुरा, गौलारी भाग संख्या 174 निवासी मंजेश 3 किमी से अधिक दूरी तय कर दोपहरी में पैदल चलकर मतदान करने पहुंची ।

### उम्र पर हावी लोकतंत्र के प्रति आस्था

जिले के विभिन्न मतदान बूथों पर बड़े ही उत्साह के साथ पहुंचे वृद्धजनों ने मतदान करने के साथ ही बड़ी ही खुशी से सेल्फी भी खिंचवाई।

### महिलाओं में दिखा अपार उत्साह

जिले की चारों विधानसभाओं के साथ ही महिला मतदाताओं एवं महिला संचालित मतदान केन्द्रों पर महिलाओं में मतदान के प्रति अपार उत्साह देखा गया।

वॉलिंटियर्स का कार्य रहा सराहनीय

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों का शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए आभार जताया एवं बधाई दी। जिले भर के विभिन्न मतदान बूथों पर दिव्यांगों एवं वृद्धजनों को सुगमता पूर्वक मतदान करवाने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा की गई व्यवस्थाओं के तहत बूथों पर मौजूद वालेन्टियर्स ने पूर्ण तन्मयता के साथ सराहनीय कार्य करते हुए वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को व्हील चेयर पर ले जाकर मतदान प्रक्रिया में सहयोग किया।

### जलभराव की समस्या को लेकर मतदान का किया बहिष्कार

धौलपुर के सरानी के राजोरा मतदान केंद्र पर जलभराव की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने बहिष्कार कर दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम साधना शर्मा और सीओ सिटी तपेंद्र मीना मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को वोट डालने के लिए समझाइश करवाई।

### गुर्जरा कलां में ग्रामीणों ने मतदान का किया बहिष्कार

बाड़ी के बूथ संख्या 128 गुजर्रा कलां में ग्रामीणों ने रास्ते की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। ग्रामीण रास्ते की समस्या को लेकर पहले ही मतदान बहिष्कार की चेतावनी दे चुके थे। ग्रामीणों द्वारा मतदान नहीं करने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाइश करवाई।

कुछ जगह दोपहर में धीमी गति से चला

शहर में कुछ बूथ केंद्रों पर दोपहर में मतदान धीमी गति से चला। वजह आज शुक्रवार को दोपहर में भयंकर गर्मी होने के कारण शहर के कुछ बूथ केंद्रों पर मतदाता काम पहुंच रहे थे जिस वजह मतदान धीमी गति से चल रहा था।

# विद्युत निगम को देने पड़ेंगे 14 लाख रुपए

## * विद्युत तार टूट कर गिरने से 100 प्रतिशत विकलांग हुए अतर सिंह * स्थाई लोक अदालत ने सुनाया निर्णय

**धौलपुर ● खबरों की दुनिया**

तहसील बाड़ी के गांव मूसलपुर निवासी अतर सिंह पुत्र भगवान सिंह का 03 फरवरी 2021 को अपने पिता के साथ आलू की फसल देखने के लिए अपने खेत पर गया था। उसी समय विद्युत लाइन का तार टूटकर खेत पर गिरा

गिरा हुआ था। जिससे टकराकर अतर सिंह खेत में गिर गया और उसका पूरा शरीर झुलस गया। उसका हाथ इस हादसे में चला गया और 100 प्रतिशत शरीर में विकलांगता दोष उत्पन्न हो गया था। पीड़ित के अधिवक्ता अतुल कुमार भार्गव ने बताया कि जब अतर सिंह जब अपने खेत पर आलू की फसल देखने गया था उसे समय विद्युत विभाग की लाइन टूट कर खेत में पड़ी हुई थी जिससे अतर सिंह टकरा गया और उसका शरीर झुलस गया। उसका हाथ काटना पड़ा और उसका शरीर 100त्न विकलांग हो गया था। जिसको लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्थाई लोक अदालत में क्षतिपूर्ति के लिए वाद प्रस्तुत किया गया। जिस पर स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष सुरेश प्रकाश भट्ट व सदस्य वीरेंद्र उपाध्याय व अन्य ने निर्णय पारित करते हुए विद्युत विभाग को पीड़ित अतर सिंह को क्षतिपूर्ति स्वरूप 14 लाख रुपए दो माह में अदा करने के आदेश पारित किए हैं। साथ ही यह भी कहा है कि यदि विद्युत विभाग निर्धारित अवधि में क्षतिपूर्ति अदा करने में असफल रहती है तो उसे क्षतिपूर्ति राशि पर परिवाद प्रस्तुत करने की दिनांक से अदायगी तक 6 प्रतिशत ब्याज के साथ क्षतिपूर्ति राशि का पीड़ित को भुगतान करना पड़ेगा।



खबरों की दुनिया
एक नजर

## अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत दी जानकारी किया जागरूक



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** नगर पालिका अग्निशमन विभाग द्वारा शुक्रवार को शहर के विभिन्न इलाकों एवं शैक्षणिक संस्थानों में अग्नि से होने वाली दुर्घटना और उसके बचाव उपचार के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। फायर अधिकारी राजेश जयपाल ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चाराण बस्ती में अग्निशमन टीम द्वारा आग से होने वाली दुर्घटना से संबंधित बचाव उपचार के बारे में जानकारी दी, वहीं आग लगने के प्रमुख कारणो का उल्लेख किया। वहीं आग बुझाने के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में नरपत सिंह, गुलफ़शा खान, साधना कंवर, नजीर खान, साहिल खान, राहुल बिजोलिया सहित विद्यालय स्टाफ विद्यार्थी मौजूद रहे।

## कर्तव्य पथ पर राष्ट्रीय हित में रैली निकालकर किया मतदाताओं को जागरूक

### –फेस पेंटिंग करवाई कि मतदान करने की अपील





खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** आगामी चुनाव में मतदाताओं की सहभागिता मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत बोराव में सतरंगी सप्ताह का धूमधाम से आयोजन हुआ। कर्तव्य पथ पर राष्टीय हित में ब्लू कलर की थीम पर सर्विस वोटर राजकीय कर्मचारियों ने पंचायत कार्यालय से रामलीला मैदान तक रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान कर्मचारियों ने मतदान स्लोगन लिखी तख्तियाँ हाथ में ले रखी थी। कार्यक्रम में नवाचार करते हुए विभाग की महिला कर्मचारियों ने फेस पेंटिंग करवाई , अपने चेहरे पर विभिन्न रंगों के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित करने वाले वाक्य और मतदान दिवस 26 अप्रैल का अंकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी लोकेश जैन की, उन्होंने ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। वहीं मतदान की मेहंदी कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों को कम से कम 10 मतदाताओं को मतदान करवाने का लक्ष्य दिया। स्विप कोऑर्डिनेटर ज्योति पवार ने समस्त महिला साथियों को फेस पेंटिंग करवाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. जयप्रकाश कुमावत ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम में ममता द्विवेदी, शशिकला वर्मा, प्रेम तंबोली, सरिता बागड़ी, सोनू कुमारी धाकड़, विष्णु बलाई, शांता बलाई, सुनीता धाकड़, गायत्री प्रजापत, उमा धाकड़, कविता धाकड़, सीमा हरिजन, शशि कला वर्मा, मुकेश मीणा, नारायण लाल भांबी, भरत निहलानी, मुकेश धाकड़, कैलाश धाकड़, लक्ष्मण जाट सहित अन्य कर्मचारियों ने सहयोग किया।

## शॉर्ट सर्किट से खेत में लगी आग बुझाई



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** भैंस रोड गढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुशलगढ़ के गांव बदल खेड़ा में शॉर्ट सर्किट के चलते राशन की दुकान में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना पालिका दमकल कार्यालय में दी। जिस पर दमकल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने में फायरमैन गुलफ़शाह खान साधना कंवर राहुल बिजोलिया साहिल खान नजीर खान ने सहयोग किया।

## मौसमी बिमारीयो के तहत मलेरिया क्रेश प्रोग्राम की हुई समीक्षा



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चित्तौडगढ, डॉ. महेश विजयवर्गीय ने उपखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोराव, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भैसरोड़गढ़ एवं उप जिला चिकित्सालय का शुक्रवार को निरीक्षण किया। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि डिप्टी सीएमएचओ ने मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए चलाये जा रहे मलेरिया क्रेश कार्यक्रम के अंतर्गत चल रही एंटी लार्वा, सोर्स डिडक्षन गतिविधियों का अवलोकन किया। सभी पीएचसी /सीएचसी पर हेचरी को क्रियाशिल रखने के निर्देश दिए। साथ ही घर घर सर्वे, ब्लड स्लाइड क्लेक्शन के लक्ष्य को अधिक से अधिक करने के निर्देश दिए। उपजिला चिकित्सालय पर लूताप वार्ड, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा , जांच योजना व लेबररूम सहित सभी वार्डो का निरीक्षण किया।

इस मौके पर आईडीएसपी प्रबन्धक खुशवन्त कुमार हिण्डोनिया, डीपीसी डॉ. दिग्विजय सिंह पंवार मौजूद रहे।

## पेयजल समस्या का हुआ समाधान



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** विगत लंबे समय से शहर के वार्ड 5 में आमजन को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था।

शुक्रवार को समाजसेवी विजय गुप्ता ने भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाडा के सहयोग से समस्या का हल करते हुए पब्लिक स्टैंड लगवा कर पानी की समस्या को दूर किया। जिस पर वार्ड वासियों ने जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

## फायर सेफ्टी पर कला प्रतियोगिता का आयोजन

### –विद्यार्थियों को दी जानकारी

खबरों की दुनिया




**रावतभाटा।** परमाणु ऊर्जा केंद्र विद्यालय क्रमांक 2 में शुक्रवार को अग्निशमन यंत्रों का प्रदर्शन करते हुए जानकारी दी गई। अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत फायर सेफ्टी पर कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का विषय राष्ट्रीय निर्माण में अग्नि सुरक्षा योगदान सुनिश्चित करना था। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाएं कागज पर ऊकेर कर उन में रंग भरे। विद्यालय परिसर में अग्निशमन यंत्रों का प्रदर्शन कर उनके इस्तेमाल के तरीके के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट एस वी रेड्डी ने बताया कि किसी भी रिहायशी इमारत या सरकारी संस्था में आग से किसी भी तरह की आपदा हो जाए तो उसे समय वहां उपस्थित लोगों को बिना घबराए सामान्य व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पानी सीओटू मैकेनिकल फॉर्म झाग सुख रसायन पाउडर आदि से आग को बुझाया जा सकता है। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर रितेश घोष श्री हरी कुमार एएसआई ऋषि राज मनोज कुजर हेमंत हैंडीक्यू के साई बाबू अनिल एम आईएस राजपूत ने आग बुझाने के यंत्रों के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता में सही उत्तर देने वाले 20 बच्चों को पुरस्कृत किया प्राचार्य लोकेश जोशी ने फायर सेफ्टी दल का आभार जताया।

## कम्युनिटी डे सेलिब्रेशन का हुआ आयोजन



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मऊपुरा में शुक्रवार को भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा अटल टिंकरिंग लैब संचालित है। जिसमे कम्युनिटी डे सेलिब्रेशन आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत 120भैया बहनों ने कई तरह के प्रोजेक्ट बनाना सीखा। जिसमें 3डी प्रिंटर से त्रिविमीय वस्तुएं जैसे विभिन्न प्रकार की खिलौने के पार्ट्स बनाना फिर उन्हें असेंबल करना तथा इसी तरह 3डी पेन से ड्राइंग और प्रिंटिंग बनाई। इसमें भैया बहनों ने ड्रोन असेंबल भी किया। आधुनिक ब्रिज का मॉडल बनाए, फैब्रिक व्हील असेंबल किया। कई प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सोल्डिंग भी किया। इससे कई उपकरणों को भी जान पाए उनकी वैज्ञानिक क्षमता का विकास हुआ। कार्यक्रम में विज्ञान लैब प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## रैली निकालकर किया जागरुक




खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** सतरंगी स्वीप प्रोग्राम के अंतर्गत ग्राम पंचायत झरझनी मैं पंचायत कर्मियों ने जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया।

रैली में ग्राम विकास अधिकारी भीमराज माली कनिष्ठ सहायक महेंद्र सुथार मुकेश कुमार विजय शंकर बैरवा प्रीति अहीर सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

### महिला की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत

**भुसावर।** गॉव बाछरैन निवासी विवाहिता की गुडगांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसके शव का पुलिस ने मेडीकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर ससुरालीजनों को मृतका का शव सुपुर्द कर दिया। थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गॉव बाछरैन निवासी 29 वर्षीय समीता पत्नी पिंटू धोबी पुत्री मुरारीलाल धोबी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु होने की सूचना पर मृतका के शव को कब्जे में लेकर भुसावर मोर्चरी पर रखवाया गया और पीहर पक्ष को सूचना दी गई। जिस पर मृतका के पिता तरगवां निवासी मुरारीलाल ने ससुराली जनों पर दहेज के लिए हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया। जिस पर मेडीकल बोर्ड बनवाकर पोस्टमार्टम कार्रवाही की गई और शव ससुराल पक्ष को सुपुर्द किया गया। वहीं मृतका के पिता ने दहेज हत्या की आशंका जताते हुए मामला थाने पर दर्ज करवाया है पुलिस ने बताया कि मृतका के पिता द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली व धौलपुर करौली के कांग्रेस प्रत्याशी भजनलाल जाटव ने अपने -अपने बूथों पर डाले वोट



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भरतपुर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रामस्वरूप कोली ने अपने परिवार के साथ मतदान केन्द्र संख्या 173 पर पहुँचकर मतदान किया। जहां उन्होने मतदान केन्द्र के बाहर आकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में उन्होने अपनी जिम्मेदारी को निभाया है और सभी मतदाताओं से लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर अपील की। वहीं पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री एवं करौली धौलपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भजनलाल जाटव ने अपने मतदान बूथ पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं उन्होने अपनी मां का आशीर्वाद लिया जहां उनकी माता ने मिठाई खिलाई और जीत का आशीर्वाद दिया।

# लोकसभा आम चुनाव 2024 : जिले में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न

## –वृद्ध, महिलाओं एवं युवा मतदाताओं में लोकतंत्र के महापर्व को लेकर दिखा उत्साह

खबरों की दुनिया

**भरतपुर।** लोकसभा आम चुनाव में मतदान दिवस पर शुक्रवार को सभी मतदान केन्द्रों पर वृद्ध, महिलाओं एवं युवा मतदाताओं में लोकतंत्र के महापर्व को लेकर उत्साह देखा गया। प्रातःकाल से मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतार देखी गई, जिला प्रशासन द्वारा बनाये गये आदर्श मतदान केन्द्रों, पिंक बूथों, महिला, दिव्यांग एवं यूथ प्रबन्धित केन्द्रों पर मतदाता सजधज कर मतदान करने आये।

**शांतिपूर्ण हुआ मतदान :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव तथा जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में जिलेभर में किये गये पुख्ता प्रबंधन के चलते चुनावी कार्यो के लिए जिम्मेदार सभी अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करवाया। भरतपुर एवं डीग जिले में किसी भी मतदान केन्द्र पर अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला, सभी जगह मतदाताओं ने स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग किया।

**5 बजे तक मतदान प्रतिशत :** संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्रों में 5 बजे तक अनुमानित 45.48 मतदान प्रतिशत रहा। सबसे अधिक मतदान नगर विधानसभा क्षेत्र में 52.52 प्रतिशत, सबसे कम बयाना विधानसभा क्षेत्र में 37.42 प्रतिशत रहा। विधानसभा क्षेत्र कठूमर में 48.21 प्रतिशत, कामां में 49.24 प्रतिशत, डीग-कुम्हेर में 39.8 प्रतिशत, भरतपुर में 48.95 प्रतिशत, नदबई में 43.03 प्रतिशत तथा वैर में 45.34 प्रतिशत मतदान रहा। सायं काल मौसम में ठंडक होने पर मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतारें देखी गई।

**जिला कलक्टर ने किया मतदान :** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने जिला परिषद भवन बनाये गये पिंक बूथ संख्या 175 पर वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया तथा सेल्फी पॉइन्ट पर फोटो खिचवाये। उन्होंने मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील करते हुए लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

**मतदाताओं में उत्साह :** लोकतंत्र के महापर्व में वृद्ध महिलाओं, युवाओं के साथ ही दुल्हा और बारातियों में भी मतदान के प्रति उत्साह देखा गया। अल सुबह ही मतदान केन्द्रों पर मतदाता उत्साह के साथ मतदान करने पहुंचे। प्रातःकाल के समय से ही मतदान केन्द्रों पर हर आयुवर्ग के मतदाता पहुँचे।



### चुनावी झलकियां

**उम्र एवं असमर्थता पर भारी लोकतंत्र का जूनुन :** जिले के विभिन्न पिंक, ग्रीन, यूथ, दिव्यांग मैनेजड मतदान बूथों पर बड़े ही उत्साह के साथ पहुंचे वृद्धजनों, फर्स्ट वोटर, दिव्यांगजन एवं महिला मतदाताओं ने मतदान करने के साथ ही बड़ी ही खुशी से सेल्फी पॉइन्ट पर अमिट स्याही का निशान दिखाते हुए सेल्फी भी खिंचवाई। शहर के जिला परिषद भवन स्थित पिंक मतदान केन्द्र पर मीना कुमारी, मुन्नी बाई एवं चन्द्रावती ने वोट डालकर लोकतंत्र के उत्सव में सहभागिता निभाई। डीग-कुम्हेर के ग्राम तालफरा में 68 वर्षीय चलने में असमर्थ सुखदेव सिंह अपने बच्चों के सहारे वोट डालने पहुंचकर वोट की कीमत बताई। इसी प्रकार फौजीपुरा ग्राम पंचायत दीवाली में मतदान केन्द्र पर पहली बार वोट डालने पहुँची दीक्षा, भावना एवं प्रियंका ने कहा कि चुनाव में सहभागिता निभाकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। भरतपुर निवासी कुमारी अग्रिमा पहली बार वोट डालने के लिए मण्डी हिमाचल से मतदान केन्द्र सुरजीत स्कूल पहुँची व अपना अमूल्य मत दिया।

**नव मतदाताओं को मिले प्रमाण पत्र :** जिलेभर में सभी मतदान केन्द्रों पर पहली बार मतदान करने पहुँचे मतदाताओं का चुनाव आयोग के निर्देशों की पालना में मतदान अधिकारियों ने स्वागत किया तथा मतदान के पश्चात प्रमाण पत्र जारी कर उत्साहवर्धन किया। नव मतदाताओं में भी लोकतंत्र में पहली बार भागीदारी का जूनुन देखा गया, निर्वाचन आयोग का प्रमाण पत्र पाकर नव मतदाताओं ने खुशी का इजहार किया।

**दिव्यांगो ने निभाया लोकतंत्र में अपना फर्ज :** लाख परेशानियों के बीच विभिन्न बुथों पर दिव्यांग मतदाता अपनी परेशानियों को पीछे छोड़ लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता निभाते नजर आए। दिव्यांग मतदाता अपने बच्चों के साथ पहुंचे व वोट डालकर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। कोई मतदाता व्हील चेयर पर आ रहा है तो कोई छड़ी या अपनों के सहारे मतदान केंद्र पर वोट डालने आया।

**नवदम्पति ने रस्मों से पहले किया मतदान :** महरायपुर के बूथ नम्बर 24 पर नव विवाहित जोड़ा शादी के बाद की रस्मों को छोड़कर लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य को निभाते हुए मतदान करने पहुंचे।

**वोलेन्टियर्स का कार्य रहा सराहनीय :** जिले भर के विभिन्न मतदान बूथों पर दिव्यांगों एवं वृद्धजनों को सुगमता पूर्वक मतदान करवाने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा की गई व्यवस्थाओं के तहत बूथों पर मौजूद स्काउट गाइड, वोलेन्टियर्स ने पूर्ण तन्मयता के साथ सराहनीय कार्य करते हुए वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को व्हील चेयर पर ले जाकर मतदान प्रक्रिया में सहयोग किया।

## खबरों की दुनिया एक नजर

### शत प्रतिशत करें मतदान : ओपी गुप्ता



खबरों की दुनिया

**निवाई।** लोकसभा चुनाव को लेकर सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया के निर्देशानुसार रानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता व प्राचार्या रेणू अग्रवाल के सानिध्य में सैंकडों छात्राओं ने शहर में वाहन रैली के माध्यम से लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र के महापर्व सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि अपने परिजनों व पड़ोसियों को मताधिकार का उपयोग कर वोट डालने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान सैंकडों छात्राओं ने जागरूकता वाहन रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। वाहन रैली को अतिथियों ने महाविद्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली शामिल छात्राएं मतदान के समर्थन में लिखी हुई तख्तियां लेकर चल रही थी। रैली महाविद्यालय से रवाना होते हुए खंडदेवत रोड, दादुदयाल आश्रम, राधा दामोदरजी के कुण्ड, पुलिस थाना होते हुए अड्क्षहसा सर्किल पंहुची। जहां पर छात्राओं ने सारा काम छोड दो पहले वोट दो सहित कई नारे लगाते हुए लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था सचिन बलराम कृष्ण शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेशकुमार टोडवाल, उप प्राचार्य दीपेंद्रसिंह, सहायक आचार्य दीपक चौधरी, अनीश खान, कविता वर्मा, तेजेश्वरी चौहान, कैलाशचंद विजयवर्गीय व रमेश गुर्जर सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

# भाजपा सरकर संवेधानिक संस्थाओ को कर रही है कमजोर, कांग्रेस को जिताएं : सचिन पायलट

खबरों की दुनिया

**टोंक।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने ग्राम पंचायत नया गांवमें टोंक-सवाईमाधोपुर से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। जिस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष टोंक हरिप्रसाद बैरवा. विधायक इंद्रा मीणा, पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा, पूर्व विधायक कमल बैरवा. पीसीसी उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी, टोंक सवाईमाधोपुर से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा एवं ग्रामीण व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। सचिन पायलट ने अपने संबोधन में कहा कि 26 तारीख को मतदान है । चुनाव में एक ही वोट हर इंसान का है वोट का अधिकार संविधान में जब हमको मिला था तो बहुत लोग कल्पना करते थे कि इतना गरीब देश है जागरूक नहीं है शिक्षित नहीं है तो वोट का कैसे



उपयोग करेंगे। लेकिन 70 सालों में हम लोगों ने अपने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया है पूरे दुनिया में आज हिंदुस्तान का लोकतंत्र सबसे मज़बूत है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करना संविधान को सुरक्षित रखना है। पिछ्ली 10 साल से जो केंद्र में सरकार है उसने हमारी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम किया है। झारखंड के दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल में डाल रखा है। कांग्रेस पार्टी के खाता बंद कर दिए, 147 सांसदों निलंबित कर देना। सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि चुनावी बांड से जो पैसा खर्च



किया है वह गैरकानूनी है। और कांग्रेस नेताओं की आवाज को दबा दो मुख्यमंत्री को जेल में डाल दो देश में यह हो रहा है। अभी यह देश के लिए बहुत स्वस्थ परंपरा स्थापित नहीं हो रही है। जबकि सरकार को देश के अंदर विकास करने चाहिए। गांव गरीब की सेवा करें और केन्द्र सरकार को 10 साल के कार्यकाल का जनता को जवाब देना चाहिए। हमारी जब केन्द्र में सरकार थी तब हमने शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, खाद्य सुरक्षा का अधिकार, रोजगार का अधिकार यह योजनाएं लाए थे। इस सरकार ने नोटबंदी की जीएसटी लगाई। यह लोग बात करते हैं हम संविधान में परिवर्तन नहीं करेंगे। जब आपकी कुछ मंशा है नही तो ऐसी बातें क्यों करते हों। सब लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने का काम सरकार को करना चाहिए था। इस सरकार ने सारे हवाई अड्डे, रेलवे की लाइन, कल कारखाने बिजली घर, सबको बेच दिया।यह सब होने पर देश का कैसे भला होगा। हम लोगों ने अपने घोषण पत्र में कहा कि देश में प्रत्येक परिवार की महिला को उसके खाते में 1 लाख एक साल में डालेंगे। यानि एक लाख रुपए प्रत्येक परिवार को हमारी पार्टी की सरकार बनने के बाद देंगे। इसलिए हम लोगों ने नौजवानों के लिए महिलाओं के लिए एमएसपी के लिए घोषणा की है। यह बड़ा चुनाव है। लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से जिताकर सांसद बनाकर भेजेंगे। तो इस इलाके में क्षेत्र में हम सब मिलकर काम करेंगे सब लोग समझदार लोग हैं हम लोग जीत कर जाए इसकी जरुरत है इससे राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूती मिलेंगी हमारे हाथों को मजबूती मिलेंगी। लोकसभा क्षेत्र से सबसे बड़ी जीत अगर प्रदेश में कहीं हो तो यहा से होनी चाहिए। यह मेरा निवेदन आप लोगों से है। अपने वोट को महत्व समझे। पिछ्ली बार हम सफल नही हो पाए थे। अब सारी बातें भूलकर हमें आगे की तरफ देखना है।

## राहुल सैनी बने माली समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष

खबरों की दुनिया

**टोंक।** जिला माली (सैनी) समाज टोंक जिलाध्यक्ष कैलाश मोरी ने शुक्रवार को अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता व नगर परिषद टोंक के पार्षद राहुल सैनी को कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष कैलाश मोरी ने बताया कि गत दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नही होने के चलते वो ज्यादा भाग दौड़ करने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष मोरी ने पार्षद राहुल सैनी द्वारा सामाजिक कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भागीदारी, समाज के प्रति निष्ठा एवं लगन को देखते हुए अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर राहुल सैनी को टोंक जिला माली (सैनी) को समाज का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

## सतरंगी सप्ताह के तीसरे दिन समावेशी वॉकथान एवं रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

खबरों की दुनिया

**टोंक।** लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर मतदान दिवस 26 अप्रैल को जिले में अधिकाधिक मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सतरंगी सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को आसमानी रंग की थीम के साथ कर्तव्य पथ पर, राष्ट्र हित में की थीम पर पटेल सर्किल से गांधी पार्क तक समावेशी वॉकथान और मतदाता शपथ की गतिविधियां आयोजित की गई। समावेशी वॉकथान को नोडल अधिकारी स्वीप एवं सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया, उपखंड अधिकारी टोंक राहुल सैनी, एसीईओ ललित कुमार एवं विकास अधिकारी सरिता राठौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न विद्यालयों एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाताओं को अपना मत देने के लिए प्रेरित किया। समावेशी





वॉकथान रैली कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**हरे रंग की थीम के साथ ट्राईसाइकिल रैली आज**

जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर राजूलाल शर्मा ने बताया कि सतरंगी सप्ताह के चौथे दिन शनिवार को हरे रंग की थीम एवं हम भी सक्षम राष्ट्र भी सक्षम होगा के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से पुलिस लाइन मैदान तक ट्राई साइकिल रैली का आयोजन होगा। ट्राईसाइकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार के उपयोग के लिए जागरूक किया जाएगा।

### बैरवा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की बैठक कल

**टोंक।** टोंक जिला बैरवा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति एवं बैरवा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति टोंक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित बैठक आयोजित की जायेगी। महामंत्री जगदीश लाल बैरवा महामंत्री एवं कार्यालय मंत्री रामकिशोर बैरवा गोपालपुरा ने बताया कि बैरवा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 मई पीपल पूर्णिमा को पक्का बंधा कृषि फार्म मेहगांव टोंक के सफल आयोजन हेतु समाज की आम बैठक अन्नपूर्णा गणेश मंदिर के पास बैरवा समाज शंकर भगवान की बगीची पर 21 अप्रैल रविवार को प्रातः 11 बजे समिति अध्यक्ष रतन लाल महाराज बोरखण्डी खुर्द की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी, जिसमें सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अब तक के कार्यों की समीक्षा की जाएगी तथा बस स्टैंड के पास बम्मोर रोड़ पर अस्थाई कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा एवं गणेश निमंत्रण के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी की पहल पर श्रीव्यापार महासंघ टोंक का नवाचार

## अंगुली पर स्याही का निशान दिखाने पर विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा दी जाएंगी विशेष छूट

### 5 से 30 प्रतिशत तक मिलेगी छूट, 27 अप्रैल को रहेगा ऑफर

खबरों की दुनिया

**टोंक।** लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद अंगुली पर लगी अमिट स्याही दिखाने पर टोंक शहर के 24 प्रमुख प्रतिष्ठान 5 से लेकर 30 प्रतिशत तक की छूट देंगे। यह छूट शनिवार, 27 अप्रैल को लागू रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा की पहल पर श्रीव्यापार महासंघ टोंक ने यह नवाचार किया है। इनमें मैट्रर्स, चांदी एवं सोने की खरीद, कूलर, कॉस्मेटिक उत्पाद, एलईडी टीवी, सैनेट्री उत्पाद, फूड एवं कोल्डड्रिक्स, किराणा सामान,



जूते, सैंडल एवं स्लिपर, मोबाईल सामान, मिठाई, ई-रिक्शा, बैटरी, कपड़े शामिल है। गुरुवार को श्रीव्यापार महासंघ टोंक के अध्यक्ष मनीष बंसल ने 24 प्रतिष्ठानों के छूट का ऑफर लेटर सौंपा।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने कहा कि मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए चलाई जा रहे अभियान की श्रृंखला में श्रीव्यापार महासंघ टोंक द्वारा किये जा रहे नवाचारों के सकारात्मक परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि इससे मतदाता प्रेरित होंगे और मत प्रतिशत में वृद्धि होगी। श्रीव्यापार महासंघ टोंक के अध्यक्ष मनीष बंसल ने कहा कि टोंक के उद्यमी एवं व्यापारी नवाचार के लिए जाने जाते हैं। यह नवाचार टोंक के लिए नजीर बनेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह ऑफर एक दिन के लिए रखा गया हैं।

**टोंक शहर के इन प्रतिष्ठानों में रहेगी विशेष छूट**

स्पेस फर्नीचर सिविल लाइन, अग्रवाल ज्वैलर्स सुभाष बाजार, रवि इलेक्ट्रोनिक कचहरी दरवाजा, गुरुदेव जनरल स्टोर पुरानी टोंक, गुरुदेव गैलेरी पुरानी टोंक, अनुपम ऑडियों-विजन न्यू बस स्टैण्ड टोंक, मिहिर इलेक्ट्रोनिक्स न्यू बस स्टैंड, स्वाती ट्रेडर्स छावनी, चंदलाई वॉटर पार्क चंदलाई, आस्ता होटल नेशनल हाईवे, मंगल स्टेशनरी हॉस्टिपल रोड़, कमल कुमार-विमल कुमार किराणा मर्चेंट घंटाघर, मुनव्वर बूट हाउस कचहरी दरवाजा, बाटा शू पैलेस कचहरी दरवाजा, सरसा गोल्ड, हरीश मोबाईल सुभाष बाजार, जैन म्यूजिक मोबाईल मर्चेंट बड़ा कुआ, न्यू जोधपुर स्वीट कॉर्नर सुभाष बाजार एवं कलेक्ट्रेट के सामने, अग्रवाल मिष्ठान भंडार नगर परिषद के सामने, ओएमएस ऑटो मैसी शौरूम सवाई माधोपुर रोड़, धनश्री इंटरप्राइजेज सवाई माधोपुर रोड़, एसआर टैक्सटाईल्स सुभाष बाजार एवं रिधि श्रीसौलर आईडीबीआई बैंक के पास पर विशेष छूट दी जाएगी।





## मस्कुलर डिस्ट्रॉफी गंभीर बीमारी से पीड़ित दिव्यांग भाई बहिन ने की होम वोटिंग

खबरों की दुनिया

**बनेठा।** भारत निर्वाचन आयोग की अनूठी पहल के तहत 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं की मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से होम वोटिंग की सुविधा शुरू की गई है। इसके तहत शुक्रवार को रूपपुरा ग्राम पंचायत के रूपपुरा ग्राम निवासी मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित दिव्यांग भाई-बहन एवं फत्तेहगंज ग्राम निवासी विशेष योग्यजन लोगों ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में अपने मताधिकार का प्रयोग कर अहम भूमिका निभाई है। बीएलओ सुपरवाइजर धोलूराम मीणा ने बताया कि उक्त श्रेणियां के मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मिलने से न सिर्फ वोटिंग का प्रतिशत बढ़ेगा बल्कि इन श्रेणियां के मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित होने से लोकतंत्र भी मजबूत होगा। होम वोटिंग के तहत दिव्यांग रूपपुरा ग्राम निवासी मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित 51 वर्षीय श्योराम पुत्र हीरा लाल जाट एवं उसकी बहिन 49 वर्षीय अनोख बाई पुत्री हीरा लाल जाट ने घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया। इसी प्रकार फत्तेहगंज ग्राम निवासी बिहारी लाल मीणा ने भी घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर होम वोटिंग की है। होम वोटिंग करने के बाद तीनों वरिष्ठ मतदाताओं की खुशी का ठिकाना नहीं था। रुपपुरा ग्राम निवासी दिव्यांग 51 वर्षीय मतदाता श्योराम पुत्र हीरा लाल जाट ने बताया कि होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध नही होती तो हमें परिजनों के कंधे पर जाकर बूथ पर ही मतदान करना पड़ता। इससे हमारे जैसे कई ऐसे वृद्ध एवं विशेष योग्यजन लोगों को घर बैठे ही मतदान का मताधिकार का उपयोग हो गया है। होम वोटिंग की प्रक्रिया बहुत ही सराहनीय है। सबको स्वच्छ, शिक्षित एवं विकास को प्राथमिकता देने वाले उम्मीदवार को ही मतदान करना चाहिए। बीएलओ सुपरवाइजर धोलूराम मीणा ने बताया कि होम वोटिंग सुविधा का लाभ देने के लिए देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में मतदान दल निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार पात्र मतदाताओं के उनके घर-घर पर जाकर सभी आवश्यक तैयारी के साथ निर्वाचन प्रक्रिया के तहत बूथ बनाकर होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवा रहे हैं।

**मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से पीड़ित है दोनों भाई बहन**

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी रोग से पीड़ित रूपपुरा निवासी श्योराम जाट उम्र (51) ने बताया कि उसके परिवार में उसके साथ साथ उसकी बहिन अनोख बाई (49) पिछ्ले कई वर्षो से मस्कुलर डिस्ट्रॉफी रोग से पीड़ित है। जिससे ये बिस्तर पर ही रहते है। इनका जिला अस्पताल से लेकर राजधानी के एसएमएस अस्पताल तक में ईलाज करवाया मगर भी फायदा नहीं हुआ। श्योराम जाट ने बताया कि सरकार ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी रोग से ग्रसित मरीजों के सर्वे करने के आदेश जारी किए गए थे मगर आज तक भी हमको कोई आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है।

## अपहरण करके ऑखों में मिर्ची डालकर चाकू की नोंक से लूट के तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

खबरों की दुनिया

**टोंक।** जिले के देवली पुलिस थानान्तर्गत 29 मार्च को बीसलपुर से राजहमल आने वाले सुनसान रास्ते में जितेन्द्र पाराशर निवासी राजमहल का साथ अपहरण करके लूट किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफतार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने बताया कि जितेन्द्र पाराशर निवासी राजमहल थाना देवली 29 मार्च की देर शाम के मोटर साईकिल से केकड़ी से अपने गांव राजमहल आ रहा था। जिस दौरान ही बीसलपुर से राजमहल के बीच सुनसान रास्ते में अज्ञात कार सवारों ने जितेन्द्र पाराशर की मोटरसाईकिल के कार से पीछे से टक्कर मार करके गिरा दिया व ईलाज के बहाने अपनी कार में डाल कर ऑखों में लाल मिर्ची पाउडर डाल करके मारपीट की तथा चाकू की नोंक पर जेब में रखे पैसे, एटीएम, क्रेडिट कार्ड व पहने हुए सोने के आभूषण लूट करके ले गए। आरोपियों ने मारपीट करके लहुलुहान हालत में बारला पोलिया के चैराहे पर पटक करके चले गए।

पुलिस ने धारा 365, 394, 279, 34 भादस में मामला दर्ज करके जांच थानाधिकारी देवली के



सौंपी गई तथा वारदात की गम्भीरता को देखते हुए राम कुमार कस्वां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा के मार्गदर्शन में रामसिंह चैधरी वृताधिकारी वृत देवली के सुपरविजन में राजकुमार थानाधिकारी थाना देवली के नेतृत्व में जिला साईबर सैल से राजेश गुर्जर हैड कानिस्टेबल व राजेश शर्मा कानिस्टेबल थाना देवली की विशेष टीम का गठन किया गया।

### घटना के ऐसे दिया अंजाम

मुलजिमान टोंक से टांडारायसिंह की तरफ किसी खाने के प्रोग्राम में शामिल होने के लिये रवाना हुए थे। शाम के खाना खाने के बाद जैसे ही टोंक के लिये वापस निकले तो अपने ऐशो आराम व लक्जरी लाईफ के शौक पूरा करने के लिये पैसों की सख्त आवश्यकता होनें के कारण गैंग सरगना राजकुमार मीणा द्वारा उक्त लूट की वारदात के लिये अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। चूंकि आरोपीगण स्थानीय होने के कारण सभी मार्गो से परिचित होने के कारण बीसलपुर की सुनसान रोड के वारदात के लिये चिन्हित करके अपनी कार से बीसलपुर पहुंचकर किसी राहगीर का इन्तजार करने लगे। कुछ समय बाद ही मजरूब जितेन्द्र पाराशर अपनी बाईक से बीसलपुर होते हुये अपने घर राजमहल जा रहा था तभी अज्ञात कार सवारों ने योजनानुसार अपनी कार से बाईक के पीछे से टक्कर मारकर गिरा दिया। जिससे बाईक सवार जितेन्द्र घायल हो गया तभी अज्ञात मुलजिमानों ने अपनी कार से नीचे उतरकर घायल के गलती से टक्कर लगने की कहते हुये ईलाज करवाने के बहाने अपनी कार में बैठा लिया कार मे बैठाते ही उसकी ऑखों में लाल मिर्ची पाउडर डाल दिया जिससे घायल के रास्तों व मुलजिमानों की पहचान ना हों सके। लगभग 2 से 2:30 घंटे कार में मुलजिमानों द्वारा घायल जितेन्द्र के साथ बुरी तरह से मारपीट कर लहुलुहान हालत में बारला पोलिया के चैराहे पर पटक कर चले गये। घायल मजरूब ने बड़ी हिम्मत दिखाते हुये नजदीक गॉव में जाकर मदद मांगी तथा ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी गई। गैंग का सरगना राजकुमार उर्फ पिन्टू मीणा अपने साथियो के साथ पूर्व मे भी अपहरण करके फिरौती मांगने जेसी बड़ी वारदातों के बड़े शातिराना तरीके से अंजाम दे चुका हैं।


### ऐसे पहुंची पुलिस आरोपियों तक

पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण करके गठित टीमों को दिशा निर्देश दिए जिसके बाद साईबर सैल टीम ने अपहरण की वारदात का खुलासा करने के लिये घटना से संबधित जानकारियॉ जुटाई। तरीका वारदात, सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल तथ्यों के आधार पर टोडा, देवली, उनियारा, टोंक, जहाजपुर, केकड़ी, सावर, सरवाड़ आदि नजदीकी जगहों से आपराधिक प्रवृति के करीब 300-400 व्यक्तियों को घटना के दिन के बाद की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई। इनमें से काफी लोंगो के थाना देवली, केकड़ी, सरवाड़, सावर लाकर पूंछताछ की गई। पूर्व के चालानशुदा व संदिग्ध लोगों से पूछताछ करके अपराधियों की गहनता से तलाश की गई। संदिग्ध लोगों में से पूछताछ में दिलखुश गुर्जर निवासी बनेठा, राजकुमार उर्फ पिन्टू निवासी श्रीनगर थाना नगरफोर्ट जिला टोंक तथा गोर्वधन उर्फ गोधा से तकनीकि, मनोवैज्ञानिक रूप से गहनता से पूछताछ की गई तो आरोपीगणों ने अपहरण कर लूट की वारदात को अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया। जिनको बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। आरोपीगण के साथ घटना में संलिप्त अन्य अपराधी व अन्य वारदातों के सम्बन्ध में गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपीगणों से घटना में लूटे गए नगदी व अन्य सामान तथा घटना में प्रयुक्त वाहन व हथियार आदि की बरामदगी के प्रयास जारी है। शेष मुल्जिम रमेश पुत्र सम्पत मीणा निवासी श्रीनगर, रानीपुरा बिलासपुर थाना नगरफोर्ट जिला टोंक की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

खबरों की दुनिया

एक नज़र

## मुख्य सचिव सुधांश पंत ने परिवार सहित किया मतदान



खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने भी जयपुर के सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक बधिर विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र में सुबह 7 बजे परिवार सहित मतदान किया। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने पंक्ति में लगकर अपनी बारी आने पर वोट दिया।

इस मौके पर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रदेश के सभी मतदाताओं विशेषकर युवाओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सपरिवार किया मतदान




खबरों की दुनिया

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सपरिवार मतदान किया।

सिंह सुबह 11.30 बजे गांधीनगर में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय में बनाए गए मतदान केन्द्र पर पहुंची। उन्होंने अपनी बारी आने पर मतदान किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी पात्र नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं से मतदान अवश्य करने की अपील की।

### मताधिकार का कर प्रयोग जनप्रतिनिधियों ने जनता को किया जागरूक, सेल्फी पाइन्ट पर ली फोटो

# दिग्गजों ने मतदान कर निभाया अपना कर्तव्य

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** शुक्रवार को लोकसभा के पहले चरण का मतदान हुआ। पहले चरण में राजस्थान की 12 लोकसभा सीटो पर मतदान हुआ। राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई मंत्रियो और विधायको ने सपरिवार मतदान किया।

मतदान करने वालो में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उधोग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जयपुर शहर से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा, कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास, सिविल लाइन्स विधायक डॉ. गोपाल शर्मा, जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर,

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, जयपुर ग्रामीण के भाजपा प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह, हवामहल विधायक बालमुंदाचार्य अलवर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित अनेक जनप्रतिनिधियो ने मतदान किया।
























युवा संस्कृति के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रो. रामसेवक दुबे, प्रसिद्ध शिक्षाविद, वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस काउंसिल के सदस्य डॉ. एल. सी. भारतीय ने अपनी पुत्री मीनू भारतीय के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर बातचीत के दौरान डॉ. भारतीय ने अपनी चुनावी स्हायी को दिखाते हुए कहा कि ये सिर्फ निशान नहीं, हमारा अभियान है। लोकतंत्र के निर्माण में हमारा भी योगदान है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करना चाहिए तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाए रखने में अपना योगदान देना चाहिए।

## नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने परिवार सहित किया मतदान



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए शुक्रवार को नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने अपने मत का प्रयोग किया। वे परिवार सहित स्टेशन रोड दुर्गापुरा स्थित मतदान केंद्र पर पहुंची और मतदान किया। इस दौरान डॉ. सौम्या गुर्जर ने शहरवासियों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मतदान के बाद सेल्फी प्वाइंट पर मतदाताओं के साथ सेल्फी भी ली। जयपुर में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लोगों ने बढचढ कर वोट किया। लोग मतदान केन्द्र पर सुबह सात बजे ही मतदान करने पहुंच गए। नौकरी पर जान वाले और व्यवसाय करने वाले लोगों ने सुबह जल्दी वोट डाला।

नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर सुबह वोट डालने के लिए घर से निकली। मेयर अपने परिवार सहित स्टेशन रोड दुर्गापुरा स्थित मतदान केंद्र पर पहुंची और वोट डाला। वोट डालने के बाद डॉ. सौम्या गुर्जर ने संदेश दिया कि लोकतंत्र के महापर्व में बढचढ कर हिस्सा लें और मतदान करें। डॉ. सौम्या गुर्जर ने मतदान के बाद मतदान केन्द्र के बाहर सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली।

## कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने किया मतदान

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जगद्गुरू रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में मतदान किया। प्रो. दुबे ने जयपुर संसदीय क्षेत्र में मदाऊ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सपत्नीक वोट दिया। उन्होंने सभी शिक्षकों और छात्रों से मतदान में भाग लेने की अपील की।



54 YEARS OLD IN JAIPUR CITY

Affiliation No. 1730167

Akashdeep Public School

A CBSE Affiliated Co-Educational 10+2 English Medium School

Sector.11, Agrawal Farm, Mansarovar, Jaipur-20

2024-25 ADMISSION OPEN

- Play Group to XI
- No Formal Exam
- Conveyance Facility

- Arts
- Commerce
- Science



Contact for Admission 8.30 A.M. TO 1.30 P.M. Tel. : 9928632816, 8619571321, 9413458769

• Email : akashdeepjpr@gmail.com • Web. : www.akashdeepschool.in

आकाशदीप सीनियर सैकण्डरी स्कूल

A Raj. Board Affiliated Hindi Medium School

Sec. 11, Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur Ph. : 0141-2398624



प्रवेश प्रारम्भ

नर्सरी से 12वीं तक

शीघ्र प्रवेश लें।

कला, विज्ञान, वाणिज्य

Contact for Admission : 8.30am to 1.30pm

Email : akashdeepjpr@gmail.com Visit us : www.akashdeepschool.in

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालयः** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123